RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 170 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 10 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# सोनम बेवफा : सोनम ने चिल्लाकर कहा था, राजा को मार दो!

- कोर्ट ने 3 दिन की मेघालय पुलिस को दी ट्रांजिट रिमांड
- आरोपियों से पूछताछ में साजिश का खुलासा
- गुवाहटी से ऑनलाइन कुल्हाड़ी की थी ऑर्डर

**इंदौर ( एजेंसी )।** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकाण्ड में गिरफ्तार पत्नी सोनम रघुवंशी को कोर्ट ने 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर शिलांग पुलिस को सौंप दिया है। शिलांग पुलिस सोनम को मेघालय ले जा रही है। पुलिस की शुरूआती जांच में आरोपियों ने कई खुलासे किए हैं। हत्याकाण्ड में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने खुलासा किया है कि सोनम के कहने पर राजा की हत्या की गई थी। फोटोशूट के बहाने राजा रघुवंशी को पहाड़ी इलाके में लेकर गए और सोनम ने चिल्लाकर कहा था राजा को मार डालो। आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने गुवाहटी से ऑन लाइन कुल्हाड़ी ऑर्डर की थी और 20 लाख रूपये का लालच दिया था। पुलिस का दावा है कि राजा की हत्या के बाद सोनम ने राजा कुशवाहा से शादी का प्लान बनाया था।





जिस सोनम को घर की बहू नहीं, बेटी मान लिया गया था। जिसने शादी के कुछ ही दिनों बाद परिवार का विश्वास जीत लिया था। उसी सोनम ने ऐसा कदम उठाया कि इस समय पूरा रघुवंशी परिवार बदहवास है। सोनम की दोनों जेठानियों ने वो तमाम बातें बताई जो यह बताने के लिए काफी है कि इसकी प्लानिंग सोनम ने पहले से कर रखी थी।

हनीमून पर जाने का प्लान तो था, लेकिन आखिरी वक्त पर सब कुछ बदल गया। टिकट से लेकर जगह और तारीख तक सब कुछ सोनम ने अपने हिसाब से एकाएक तय किया। राजा को इस बात की भनक भी दो दिन पहले लगी कि शिलांग जाना है। दोनों हनीमून पर अलग-अलग निकले। सोनम अपने घर से गई तो राजा अपने घर से निकला।

सोनम की बड़ी जेठानी, विपिन रघुवंशी की पत्नी बताती हैं कि सोनम ने ऐन मौके पर हनीमून प्लान बदला। शादी के बाद सोनम सिर्फ चार दिन ससुराल में रही। 15 मई को विदाई हुई और 19 मई तक घर में रही। 20 मई को वह मायके से शिलांग चली गई। जेठानी के मुताबिक, वो खुद हनीमून अपने घर से गई थी, राजा अलग से अपने घर से निकला। जेठ का महीना चल रहा था, इसलिए ससुराल में (शेष पृष्ठ-4 पर)

### बेटे के लिए न्याय चाहिए : माँ



*राजा रघुवंशी की माँ उमा रघुवंशी कहती हैं कि मुझे अपने बेटे के लिए न्याय चाहिए। आरोपियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। और भी लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। हम उसे परिवार में पाकर इतने खुश थे कि हमने यह नहीं सोचा कि इससे बुरा कुछ हो सकता है। राजा बहुत खुश था। मैंने उनसे आखिरी बार 23 मई को बात की थी। मुझे अंत तक कोई संदेह नहीं था।*

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का निर्माण हो रहा है : मुख्यमंत्री

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री का बयान



**लखनऊ ( ब्यूरो )।** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। सीएम योगी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में कई ऐतिहासिक काम हुए। वैश्विक मंच पर भी देश की छवि मजबूत हुई। पीएम मोदी के नेतृत्व में %एक भारत, श्रेष्ठ भारत% की परिकल्पना साकार हुई। परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्ति मिली है।

प्रेसवार्ता में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत के विश्वास को सुदृढ़ करते हुए, भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है बल्कि स्वयं को खपाकर 140 करोड़ भारतीयों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। वहीं, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व की अस्थिर सरकारों के कारण आम जनता का विश्वास टूटा था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल का कार्यकाल भारत के स्वर्णिम काल का प्रतीक है।

सीएम योगी ने आगे कहा कि अब हमने आतंकवाद के प्रति अपनी प्रतिक्रिया के संबंध में 2014 से पहले की अपनी प्रकृति को बदल दिया है - कि भारत शांति का पक्षधर है। पीएम मोदी ने एक नया सामान्य देकर, पूरी अवधारणा को बदल दिया है - हम दोस्तों के साथ शांति से रहेंगे, लेकिन अगर कोई हम पर युद्ध थोपता है, हमारे देश में आतंकवाद को बढ़ावा देता है और हमारी सुरक्षा के लिए खतरा बनता है, तो जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर होगा- हमने इसे मेड-इन-इंडिया करके दिखाया है और दुनिया ने भारत की ताकत का एहसास किया है।

उन्होंने बीजेपी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गाजियाबाद में सूटकेस में मिला महिला का शव



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के शिव वाटिका नहर रोड के किनारे मंगलवार सुबह लगभग 25 वर्षीय महिला का शव एक सूटकेस में मिलने से सनसनी फैल गई। खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के चेहरे पर चोट के निशान हैं। एसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या के सही कारणों का पता चल सकेगा।

वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह शव कहीं अन्य जगह से लाकर यहां फेंका गया है। वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार 10 जून को प्रातः कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि बेहटा हाजीपुर से बंधला को जाने वाले नहर रोड़ के किनारे एक सूटकेस में डेड बॉडी पड़ी है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर के फील्ड यूनिट को बुलाया। फील्ड यूनिट (शेष पृष्ठ-4 पर)

# दिल्ली के द्वारका में फ्लैट में लगी आग

## आग की लपटों से घिरे पिता व दो बच्चे नीचे कूदे, हुई मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के द्वारका में एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया है। कुछ ही देर में पूरी बिल्डिंग आग की लपटों में घिर गई। बचने के लिए एक परिवार के सदस्य सातवीं मंजिल से नीचे कूद गए। हादसे में एक बेटा, एक बेटी और पिता की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे की है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सड़क हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज कराया है।

रबूपुरा के ग्राम निलोनी निवासी अंकित कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके माता-पिता 21 मई की सुबह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए गए थे। जब यह लोग मिर्जापुर कट से दनकौर की ओर जाने वाली सड़क पर जा रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज गति में आ रही कार ने उसके माता-पिता को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके पिता तेजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए, गंभीर स्थिति में उन्हें कासना स्थित जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

वही थाना बादलपुर क्षेत्र के मोहन स्वरूप हॉस्पिटल के पास शराब के नशे में चूर बाइक सवार ने स्कूटी पर जा रहे दंपति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चमन सिंह व उनकी पत्नी गीता देवी सड़क पर गिर गए। बाइक सवार ने भागने के चक्कर में चमन सिंह (शेष पृष्ठ-4 पर)

# दो स्थानों पर पाइप क्षतिग्रस्त होने से 80 क्यूसेक गंगा जलापूर्ति बाधित



13 के बाद समुचित आपूर्ति हो जाएगी चालू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के लोगों को समुचित मात्रा में गंगाजल की आपूर्ति के लिए 13 जून तक इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल सेक्टर-63 में छिजारसी तथा सेक्टर-121 में गंगाजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है जिसकी मरम्मत की जा रही है। इससे 80 क्यूसेक गंगाजल की आपूर्ति बाधित हो गई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### जलापूर्ति की कमी नहीं होने दी जाएगी : आरपी सिंह



जल विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि गंगाजल की आपूर्ति बाधित होने से आपूर्ति सुचारू रखने के हर संभव प्रयास किए गए हैं। रेनीवेल तथा ट्यूबवेल के जरिए जलापूर्ति की जा रही है। इस बाबत सभी खण्डों के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। कहीं भी जलापूर्ति की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। फिर भी यदि कहीं ज्यादा दिक्कत न हो तो वे प्राधिकरण से संपर्क कर टैंकर मंगवा सकते हैं।

# ट्यूटर ने छात्रा को किया बैड टच

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में ट्यूटर द्वारा छात्रा के साथ बैड टच किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ट्यूटर की हरकत से सहमी छात्रा ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में रहने वाला हरिओम अपने घर पर बच्चों को कोचिंग क्लास देता है। हरिओम के यहां पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्र ने अपने परिजनों को बताया कि उसने गलत इरादे के साथ उसे बैड टच किया। छात्रा के परिजनों ने तुरंत इसकी शिकायत थाना बीटा दो पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कलयुगी टीचर की इस कारतूत से लोगों में खासी नाराजगी है।

# दिल्ली विवि के प्रोफेसर से भाई ने की धोखाधड़ी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के साथ उसके भाई ने धोखाधड़ी कर नोएडा में स्थित फ्लैट को मुंबई रहने वाले दंपति को बेच दिया। थाना सेक्टर-49 में शिकायत देने के बावजूद प्रोफेसर की एफआईआर दर्ज नहीं की गई। प्रोफेसर ने न्यायालय की शरण ली और अपने भाई सहित अन्य लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

सेक्टर-51 में रहने वाले दिल्ली विवि. के प्रोफेसर डॉ. मृत्युंजय कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट बताएं कि वह दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट्स प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनके भाई अरुण कुमार को नोएडा प्राधिकरण से केंद्रीय सरकार कर्मचारी कल्याण आवासीय संघ द्वारा एक फ्लैट आवंटित हुआ था। उसका भाई अरुण कुमार ने वर्ष-2002 में फ्लैट का जीपीए वसीयत कब्जा व अंडरटेकिंग शपथ पत्र पारिवारिक समझौते के तहत उनसे तय रकम लेकर उनके हक में निष्पादित कर दिया था। उसके भाई अरुण कुमार ने शपथ पत्र दिया था कि उक्त फ्लैट का मृत्युंजय कुमार या उनके नॉमिनी को हस्तांतरण किए जाने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी तथा भविष्य में वह उक्त फ्लैट पर कोई (शेष पृष्ठ-4 पर)

# ब्लैकमेलिंग के आरोप में दो एंकर गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में ब्लैकमेलिंग व उगाही का सिंडिकेट चलाने के आरोप में सेक्टर-58 थाना पुलिस ने एक न्यूज चैनल में कार्यरत एंकर और एक समाचार पत्र के डिजिटल शाखा में पदस्थ एंकर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ न्यूज चैनल प्रबंधन की ओर से शिकायत दी गई। दोनों पर ब्लैकमेलिंग व उगाही सिंडिकेट चलाने का आरोप है। दोनों ने मिलकर 65 करोड़ की रंगदारी मांगी थी।

पुलिस ने एंकर शाजिया निसार के घर से करीब 32 लाख रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने समाचार-पत्र के डिजिटल शाखा के एंकर आदर्श झा को भी पकड़ा है। उधर, नोएडा पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अन्य लोग भी ब्लैकमेल सिंडिकेट में शामिल क्या हैं।

# प्राधिकरण ने 112 बिल्डर्स प्रोजेक्ट की जानकारी सीबीआई को सौंपी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने घोटाले के आरोपी 112 बिल्डर्स प्रोजेक्ट का विवरण सीबीआई को सौंप दिया है। इनमें से अधिकांश के ग्रेटरनोएडा और ग्रेनो वेस्ट के नामचीन बिल्डर है। इन बिल्डरों ने बैंकों के साथ मिलकर बायर्स को लोन दिलाया और पैसा अन्य योजनाओं में डायवर्ट किया या नहीं इसकी जांच सीबीआई कर रही है। इन बिल्डरों ने तो बैंक में किस्त जमा की और न ही ब्याज।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई बिल्डरों और बैंकों के गठजोड़ की जांच कर रही है। कोर्ट ने 29 अप्रैल को सीबीआई जांच का आदेश देते हुए प्राधिकरणों को कहा था कि वह सीबीआई को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अपने यहां नोडल अधिकारी की नियुक्ति करे। कोर्ट के आदेश आने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने अकाउंट अधिकारी संजीव दत्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।




प्राधिकरण से सीबीआई ने पहले नौ बिल्डरों की जानकारी मांगी थी। अब 112 बिल्डर प्रोजेक्ट की जानकारी मांगी है। प्राधिकरण ने सीबीआई को प्रोजेक्ट से संबंधित स्वीकृत पत्र, ले आउट प्लान, बकाया, रजिस्ट्री , के अलावा इनके को डेवलपर्स की जानकारी दी है। जिसे प्राधिकरण फाइल के रुप में सीबीआई को दे रहा है। बता दे इससे पहले प्राधिकरण स्पोर्टस सिटी से संबंधित सभी प्रकार की फाइलिंग जानकारी सीबीआई को दे चुका है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अब 12 जून को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अब 11 जून के बजाय 12 जून को होगी। पहले यह बैठक 11 जून को होनी तय थी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सभी विभागों के प्रभारियों को बोर्ड बैठक में पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए गए थे। इस बोर्ड बैठक में पुनर्वास नीति के अलावा अन्य एजेंडे भी रखे जाएंगे। सेक्टर-118 में दो बिल्डर्स को पुनर्वास पैकेज देने, किसानों के कई मसलों तथा नोएडा मेट्रो से संबंधित कई एजेंडे रखे जाएंगे।

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

# ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को हनुमान मंदिरों में उमड़े भक्त



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज ज्येष्ठ माह के पांचवें एवं अंतिम मंगलवार को श्री हनुमान मंदिर सैक्टर 20 नोएडा में भक्तों का अपार जन समूह दर्शन को उमड़ पड़ा भक्तों द्वारा हनुमान जी का चोला, सिंदूर, फल, मिठाई अर्पित कर सुबह से पूजा-अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर मंदिर कार्यकारिणी से की तरफ से अध्यक्ष श्रीमती विनय गुप्ता महासचिव संदीप पोरवाल उपाध्यक्ष विजय वलेचा सहसचिव एस के मिश्रा, राकेश खंडेलवाल कोषाध्यक्ष गंगाराम सदस्य प्रवीन झा एवम् संजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## गरीबी में कमी

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि कही जा सकती है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं।

इसमें दो राय नहीं कि वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों से देश में आर्थिक असमानता को बढ़ावा मिला है। वहीं तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने एक छोटे वर्ग को असंगत रूप से लाभान्वित किया है। निश्चित रूप से नई आर्थिक नीतियों की विसंगतियों से उपजे असमान परिदृश्य में लाखों लोग गरीबी की रेखा से ऊपर तो उठ गए,लेकिन वे बीमारी, नौकरी छूटने या जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं जैसे संकटों के प्रति संवेदनशील बने हुए हैं। आर्थिक असुरक्षा और सामाजिक रूप से हाशिये पर रहने वाली आबादी के बड़े हिस्से के लिये यह खतरा बना हुआ है। एक मजबूत सुरक्षा कवच का अभाव इस संकट की संवेदनशीलता को बढ़ा देता है। भारत के विकास की गाथा तभी लिखी जा सकती है, जब हम इस असमानता की खाई को पाटकर गरीबी को कम करने की दिशा में आगे बढ़ें। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान,समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। निर्धन आबादी के लिये जनकल्याण की योजनाएं जरूर चलायी जानी चाहिए, लेकिन एक वक्त के बाद सरकारी सहायता पर उनकी निर्भरता को कम करना भी उतना ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तब ब्राह्मण क्रोध सहित बोल उठे- उन्होंने कुछ भी विचार नहीं किया- अरे मूर्ख राजा! तू जाकर परिवार सहित राक्षस हो ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**छत्रबंधु तैं बिप्र बोलाई। घालै लिए सहित समुदाई॥**
**ईश्वर राखा धरम हमारा। जैहसि तैं समेत परिवारा॥**

रे नीच क्षत्रिय! तूने तो परिवार सहित ब्राह्मणों को बुलाकर उन्हें नष्ट करना चाहा था, ईश्वर ने हमारे धर्म की रक्षा की। अब तू परिवार सहित नष्ट होगा॥

**संबत मध्य नास तव होऊ। जलदाता न रहिहि कुल कोऊ॥**
**नृप सुनि श्राप बिकल अति त्रासा। भै बहोरि बर गिरा अकासा॥**

एक वर्ष के भीतर तेरा नाश हो जाए, तेरे कुल में कोई पानी देने वाला तक न रहेगा। शाप सुनकर राजा भय के मारे अत्यन्त व्याकुल हो गया। फिर सुंदर आकाशवाणी हुई- ॥

**बिप्रहु श्राप बिचारि न दीन्हा। नहिं अपराध भूप कछु कीन्हा॥**
**चकित बिप्र सब सुनि नभबानी। भूप गयउ जहँ भोजन खानी॥**

हे ब्राह्मणों! तुमने विचार कर शाप नहीं दिया। राजा ने कुछ भी अपराध नहीं किया। आकाशवाणी सुनकर सब ब्राह्मण चकित हो गए। तब राजा वहाँ गया, जहाँ भोजन बना था॥

(क्रमशः...)

# मोदी सरकार की उपलब्धियों के ग्यारह साल

भारतीय परंपरा में ग्यारह की संख्या शुभ मानी जाती है। पारिवारिक और धार्मिक समारोहों में शगुन के रूप में ग्यारह रूपए की भेंट देने की परंपरा इसी वजह से रही है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को शगुन काल भी कह सकते हैं। ग्यारह साल का वक्त कम नहीं होता। इस दौरान पीढ़ी भी बदल जाती है। ऐसे में इस पूरे दौर का जो मूल्यांकन होगा, उसे पीढ़ीगत नजरिए से भी देखना होगा, क्योंकि हर नई पीढ़ी का नजरिया बुजुर्गों से अलग होता है। इन अर्थों में देखेंगे तो प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यकाल अनूठा लगेगा। मोदी और उनकी कार्यशैली पुरानी पीढ़ी को भी पसंद हैं और नई पीढ़ी के तो प्रेरक हैं ही। इसकी वजह है, उनकी अद्भुत संप्रेषण कला, जिसके जरिए वे सीधे लोगों के दिलों से जुड़ जाते हैं।

नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबा कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है। अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि दस साल के कार्यकाल में आकांक्षाओं का उद्दाम होना स्वाभाविक है और सारी आकांक्षाओं का पूरा कर पाना भी संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों। जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा।

मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकार में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। इसे समझने के लिए हाल ही में हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के उद्घाटन समारोह को देख सकते हैं। चिनाब पुल के उद्घाटन के वक्त जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब इस



*मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है।*

परियोजना की शुरूआत हुई, तब वे आठवीं में पढ़ रहे थे, अब वे पचपन साल के हैं और अब जाकर यह पूरा हो पाया है। मोदी के ग्यारह साल के शासन में तंत्र का कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है। नौकरशाही में संजीदापन तो आया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर में ब्यूरोक्रेसी कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी ग्यारहीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसद से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। इससे पहले बीते एक दशक में अत्यधिक गरीबी में जिंदगी गुजार रहे लोगों की दर 2011-12 में जहां 27.1 प्रतिशत रही, वह घट कर 5.3 फीसद रह गई है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है। मोदी सरकार की कई उपलब्धियां है। देश ने मेडिकल कॉलेजों के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। साल 2014 में जहां इन कॉलेजों की संख्या 387 थी, वह 2025 में बढ़कर 780 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस की सीटें भी 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में बीजेपी के दावे के अनुसार, 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकलीं। इस दौरान स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को रोजगार मिला। बीजेपी के दावे के अनुसार, सरकार की कौशल विकास मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग मिल चुकी है। उज्ज्वला योजना के तहत अब तक करीब दस करोड़ 28 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। मुद्रा योजना के तहत करीब 52करोड़ ऋण खाते खोले गए हैं, यानी करीब इतने लोगों को कर्ज मिल चुका है। इससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास, जन-धन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश में बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। देशभर में बारह करोड़ शौचालयों का निर्माण भी मामूली उपलब्धि नहीं है। मोदी सरकार की इन योजनाओं के चलते देश में बदलाव हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव डीबीटी यानी सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ाई है।

जापान को पछाड़कर भारत हाल ही में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। देश सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक मोर्चे पर लगातार विकास कर रहा है। इस विकास में परंपरा, आधुनिकता और वैश्विक जुड़ाव का अद्भुत समावेश नजर आता है। मोदी सरकार की ही देन है कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक, मां कामाख्या मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, केदारनाथ धाम और जूना सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। राममंदिर के निर्माण की उपलब्धि ही मोदी सरकार के खाते में जाती है। इसी दौरान उत्तराखंड में चारधाम राजमार्ग परियोजना, हेमकुंड साहिब रोपवे और बौद्ध सर्किट विकास जैसी योजनाएं शुरू हुईं। करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्रनिर्माताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और 11 आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय जैसे संस्थान बनाए गए। मोदी के कार्यकाल में ही देश की खोई धरोहरों की वापसी का अभियान तेज हुआ। 2013 से पहले विदेशों में चोरी से गई सिर्फ 13 प्राचीन वस्तुओं की ही वापसी हुई थी, जबकि 2014 के बाद से अब तक 642 प्राचीन वस्तुएं भारत लौटाई गई हैं, जिनमें से अकेले अमेरिका से 578 कलाकृतियां लौटी हैं।आयुर्वेद और योग की वैश्विक मान्यता भी मोदी सरकार की ही उपलब्धि कही जाएगी।

मोदी सरकार के ही कार्यकाल में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनी और उसे लागू किया गया। ऑपरेशन सिंदूर उसका ही प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा, 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक, जैसे कदम मोदी सरकार ने ही उठाए। मोदी के शासन काल में भारत ने ग्लोबल साउथ की अवधारणा को मजबूत करते हुए अफ्रीकी देशों से नए सिरे से संबंध बढ़ाए। रूस और यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी रोक-टोक के बावजूद भारत रूस से सस्ती दरों पर पेट्रोलियम तेल खरीदने में सफल रहा। उत्तर पूर्वी राज्यों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिशें इसी दौर में तेजी से बढ़ीं। नक्सलवाद पर लगाम भी तेजी से इसी दौर में लगा।

मोदी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है। लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में भारत इन उपलब्धियों को भी हासिल करने में सफल रहेगा।

**- उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं...**

## पाकिस्तान की बढ़ती आर्थिक मुश्किलें

इन दिनों पाकिस्तान आर्थिक खस्ताहाल स्थिति के बीच एक के बाद एक नए विदेशी कर्ज लेते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की विकास दर महज 2.6 फीसदी है। राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती महंगाई और खराब विदेशी कर्ज हालात जैसे कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को लगातार पीछे कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और पाकिस्तान खस्ताहाल है। मोदी ने पाकिस्तान को चेतावनी भी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान भारत में आतंक का निर्यात जारी रखता है, तो उसे आर्थिक रूप से बर्बाद होना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस समय ऑपरेशन सिंदूर से लस्त-पस्त पाकिस्तान को भारत पानी की कूटनीति और आर्थिक दबाव व आर्थिक प्रतिबंधों की रणनीति से पूरी तरह पस्त करने की डगर पर लगातार आगे बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि भारत के द्वारा पहलागाम आतंकी हमले के बाद विगत 23 अप्रैल से स्थगित किए गए सिंधु जल समझौते ने पाकिस्तान में भूचाल ला दिया है। इतना ही नहीं भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बैराज के माध्यम से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। साथ ही झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध के माध्यम से भी इसी तरह के कदम उठाने की रणनीति बनाई जा रही है। ऐसे में पानी के मुद्दे पर पाकिस्तानी संसद से लेकर सेना तक में बेचैनी देखी जा रही है। पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने संसद में कहा कि अगर हम पानी का मुद्दा सुलझा नहीं पाए, तो भूखे मर जाएंगे। सिंधु बेसिन ही हमारी लाइफलाइन है। 90 प्रतिशत खेती इस पानी पर निर्भर है।

यह पाकिस्तान पर मंडरा रहा वॉटर बम है, जिसे निष्क्रिय करना होगा। वस्तुतः 20वीं सदी की जंग तेल पर थी, 21वीं सदी की जंग पानी पर होगी और पाकिस्तान इस समय दुनिया के पानी की कमी वाले शीर्ष देशों में शामिल है। ऐसे में इस बीच जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 27 मई को तेहरान में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि हम भारत के साथ सिंधु जल संधि समझौते सहित सभी मुद्दों पर वार्ता के लिए तत्परता से तैयार हैं, तब पूरी दुनिया में हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किया गया यह संकल्प गुंजित हो रहा है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। पहले भारत के हक का पानी भी भारत से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा। भारत के हक में रुकेगा और भारत के ही काम में आएगा। संदेश साफ है कि अब भारत इस पर कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही इस परिप्रेक्ष्य में विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल संधि में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की भूमिका सिर्फ मध्यस्थ की है और वह भारत की ओर से संधि के निलंबन पर कोई दखल नहीं देगा। उल्लेखनीय है कि इस समय सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चूंकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है, अतएव पानी संकट से परेशान पाकिस्तान लगातार भारत से गुहार लगा रहा है। 6 जून तक पाकिस्तान ने भारत को चार पत्र लिखकर इस फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। दूसरी तरफ भारत ने जल संधि को निलंबित करने के फैसले के पीछे सीमा पार आतंकवाद को कारण बताया है। साथ ही जल परियोजनाओं को लेकर भी कुछ तकनीकी आपत्तियां हैं। निश्चित रूप से भारत पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव और आर्थिक प्रतिबंधों के कठोरतापूर्वक परिपालन की डगर पर भी तेजी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत पाकिस्तान को फायनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में वापस लाने की तैयारी कर रहा है। भारत ने हाल ही के दिनों में वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ को इस संबंध में जानकारी दी है। यह निर्धारित किया गया है कि भारत की तरफ से एफएटीएफ को एक विस्तृत डोजियर भेजा जाएगा जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग में शामिल संस्थाओं और लोगों के सबूत होंगे और एफएटीएफ से अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। जून 2025 में एफएटीएफ की संभावित बैठक में भारत के अधिकारी शामिल होंगे और इस मुद्दे को उठाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि पाकिस्तान को पहली बार 2008 में ग्रे लिस्ट में डाला गया था और उसके बाद पाकिस्तान कभी ग्रे लिस्ट से बाहर हुआ और फिर ग्रे लिस्ट में शामिल किया गया है। पिछली बार एफएटीएफ ने अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटा दिया था। हालांकि तब पाकिस्तान को चेतावनी दी गई थी कि काउंटर फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए एशिया पैसिफिक ग्रुप के साथ काम करना जारी रखेगा। ऐसे में यदि अब फिर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल किया जाता है तो यह पाकिस्तान के लिए बड़ा आर्थिक दबाव होगा। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में इस समय जो आर्थिक और महंगाई की चुनौती बढ़ती जा रही है, उसके पीछे एक खास कारण यह है कि विगत 3 मई को भारत के द्वारा पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। पाकिस्तान में तैयार हुए या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात और पाकिस्तान को सभी प्रकार के निर्यात पर रोक लगी हुई है। यहीं नहीं, जहां पाकिस्तान का झंडा लगे जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है, वहीं भारतीय ध्वज वाले जहाज पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जा रहे हैं।

सरकार ने पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं के आदान-प्रदान को निलंबित कर दिया है। यह निर्णय हवाई और जमीनी दोनों मार्गों पर लागू हुआ है। यह निर्णय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करते हुए दिखाई दे रहा है, क्योंकि भारत से आयातित कई वस्तुओं का परिवहन डाक सेवाओं के माध्यम से भी किया जाता है। भारत ने अटारी लैंड-ट्रांजिट पोस्ट को भी बंद कर दिया है। इस पोस्ट का इस्तेमाल दोनों देशों के बीच सामानों की आवाजाही के लिए किया जाता रहा है। यदि हम भारत और पाकिस्तान के कारोबार को देखें तो पाते हैं कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के बीच भारत ने पाकिस्तान को करीब 447.65 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया और भारत ने इस दौरान पाकिस्तान से मात्र 0.42 मिलियन डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया। जहां भारत पाकिस्तान पर लगाए गए कारोबार प्रतिबंध से प्रभावित नहीं हुआ है और भारत में मई माह में महंगाई घटी है, वहीं पहले से ही कर्ज में डूबे पाकिस्तान में महंगाई नियंत्रण से बाहर हो गई है। इसके चलते पाकिस्तान में आटा, दाल, चीनी, तेल और महंगे हो गए हैं। पाकिस्तान में फल और सब्जियों के दाम भी आसमान पर हैं। हम उम्मीद करें कि पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब देने के बाद अब भारत निश्चित रूप से पाकिस्तान को पानी की कूटनीति और आर्थिक दबाव व आर्थिक प्रतिबंधों की रणनीति से सफलतापूर्वक पस्त करते हुए दिखाई देगा।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**

## राशिफल

**ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष चतुर्दशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
किसी भी तरह का कोई रिस्क न लें, खासतौर पर शारीरिक रिस्क। प्रेम-संतान करीब-करीब ठीक है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। धन का आवक बढ़ेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शत्रु परास्त होंगे। कार्यों विघ्न-बाधा के साथ संपन्न होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होने के बावजूद भी घरेलू सुख बाधित रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा। अगर आपने कुछ सोचा है तो उसे पूरा करें। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कुटुंब में वृद्धि। धन का आवक बढ़ेगा। निवेश मत करिए। जुबान पर काबू रखिए।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
अज्ञात भय सताएगा। खर्च की अधिकता रहेगी। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा मिल सकता है। बाकी प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन का आवक बढ़ेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। नए स्रोत से भी रुपए-पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा का योग बनेगा।

# भाजपा ने की कार्यक्रमों को लेकर बैठक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, तिलपता गोलचक्कर पर कल एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गांव-गांव संकल्प चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इन चौपालों में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के साथ-साथ सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी जनता को दी जाएगी।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि संगठन आगामी दिनों में विभिन्न विचारधारात्मक एवं जनहित कार्यक्रम आयोजित करेगा। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन होगा। 25 जून को आपातकाल दिवस की स्मृति में लोकतंत्र रक्षा विषयक जनसंवाद आयोजित किया जाएगा।

29 जून को प्रत्येक बूथ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई जाएगी, जिसमें कार्यकर्ता कम से कम 10 पौधे लगाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनेंगे। इसके साथ बूथ स्तर पर बैठकों का आयोजन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र नागर, वीरेन्द्र भाटी, जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, मंडल प्रभारी इन्द्र नागर, जिला मंत्री विकास चौधरी, अर्पित तिवारी, अखिलेश नागर, विजय गौतम सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

# फेलिक्स अस्पताल में बांग्लादेशी मरीज की सफल 'नी रिप्लेसमेंट' सर्जरी




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के फेलिक्स अस्पताल में बांग्लादेश के नागरिक का सफल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई है। घुटनों का दर्द अगर लंबे समय तक बना रहे और इलाज से आराम न मिले तो इसे नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया बांग्लादेश के 68 वर्षीय बुजुर्ग का जिन्हें पिछले तीन वर्षों से बाएं घुटने में तेज दर्द और सूजन की समस्या थी। घुटने में पानी भरने और जॉइंट डैमेज के चलते उनका चलना-फिरना मुश्किल हो गया था। उन्होंने नोएडा के फेलिक्स अस्पताल सेक्टर 137 में संपर्क किया। यहां हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. केशव गोयल ने परीक्षण के बाद लेफ्ट नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की सलाह दी। सर्जरी सफल रही और आज वह बिना सहारे के अपने पैरों पर चल पा रहे हैं।


डॉ. केशव गोयल

फेलिक्स अस्पताल के डॉ. केशव गोयल ने बताया कि मरीज को घुटनों में लगातार सूजन, जकड़न और पानी भरने की शिकायत थी। बांग्लादेश के डॉक्टरों से लेकर मरीज के परिजन ने दिल्ली तक कई अस्पतालों में इलाज कराया। लेकिन वहां दवाओं से कुछ घंटों की राहत के सिवा कुछ नहीं मिला।फेलिक्स अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उनकी सभी जांच की। उनके घुटने का कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुका है और ऑस्टियोआर्थराइटिस के चलते रिप्लेसमेंट ही एकमात्र समाधान है। सर्जरी के बाद अस्पताल की फिजियोथेरेपी यूनिट ने राजेंद्र को विशेष व्यायाम सत्रों के माध्यम से मांसपेशियों को सक्रिय करने की प्रक्रिया शुरू की। कुछ ही दिन में उन्होंने बिना सहारे चलना शुरू कर दिया। आज वे सामान्य रूप से टहल पा रहे हैं। मरीज के पुत्र ने खुशी जताते हुए कहा कि तीन साल तक हमें लगा कि पिता फिर कभी नहीं चल पाएंगे। लेकिन फेलिक्स अस्पताल और डॉ. केशव गोयल की टीम ने जो किया वो हमारे लिए चमत्कार जैसा है।

## नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी

डॉ. केशव गोयल ने बताया कि घुटनों के दर्द की अनदेखी आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। घुटनों में दर्द के मुख्य कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस होता है जो जिसमें उम्र के साथ घुटनों की हड्डियों में घिसाव होता है। इसके अलावा रूमेटॉयड आर्थराइटिस से इम्यून सिस्टम की गड़बड़ी होती है। कई बार घुटने में चोट या फ्रैक्चर होता है। ओवरवेट या मोटापा से भी घुटनों पर दबाव बढ़ना है। कई बार अनुवांशिक कारण भी होता है। अगर शुरुआती लक्षणों को पहचाना जाए तो गंभीर सर्जरी से बचा जा सकता है। सुबह उठते समय घुटनों में जकडन, सीढ़ियां चढ़ते-उतरते समय दर्द, घुटने में सूजन या गर्माहट, चलने-फिरने में कठिनाई, घुटनों से आवाज आना जैसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर को दिखाए।

# डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन चार्ज पर भड़का जनाक्रोश



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टरों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण (गार्बेज कलेक्शन) के संदर्भ में प्राधिकरण द्वारा एक बैठक बुलाई गई। बैठक में शहर की आरडब्लूए (रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कूड़ा संग्रहण शुल्क को लेकर लोगों ने तीव्र विरोध जताया और बैठक का वॉकआउट कर दिया। उनका कहना था कि जब लीज़ रेंट और ट्रांसफर शुल्क पहले से ही लिया जा रहा है, तो अतिरिक्त शुल्क की क्या आवश्यकता है?

इस अवसर पर हरेन्द्र भाटी, आलोक सिंह, मनोज भाटी, शेर सिंह भाटी, पवन नागर, सुभाष भाटी, इंजीनियर श्यामवीर भाटी, गजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, भीम सिंह भाटी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, सुरेंद्र बंसल, लायक सिंह, दीपक भाटी, प्रेम चंदानी, एन. पी. सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, महेन्द्र सिंह, आर. पी. कटियार, डी. एस. सिंह, गुप्ता जी, बी. एन. शर्मा, मागेराम, जगदीश चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर पत्र भेजा





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गांव रूपवास के तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर किसान नेता राजकुमार रूपबास ने एक शिकायत पत्र स्पीड पोस्ट से मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भेजा है।

किसान नेता राजकुमार रूपबास ने तालाब के अंदर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग रही है तालाब के अंदर कीड़े मकोड़े जहरीले सांप निकल कर घरों में घुस रहे हैं। अगर इसकी साफ सफाई हो जाएगी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा तो लोगों को गंदगी से छुटकारा मिलेगा। क्योंकि गंदे पानी में झाड़ियां उग रही हैं।

कीड़े मकोड़े जहरीले सांप की वजह से लोग घूम,भी नहीं रहे हैं इसीलिए जनहित में तालाब का सौंदर्यीकरण करना अति आवश्यक है। अगर जल्द ही तालाब की साफ सफाई नहीं होती है तो किसान यूनियन तहसील और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# सीटू का बीएचईएल कम्पनी पर धरना जारी




**नोएडा (चेतना मंच)।** बीएचईएल कम्पनी पर लागू केंद्रीय वेतनमान व श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली विधिक सुविधाओं की मांग करने पर कर्मचारी सुरेंद्र सिरसवल, रणजीत सिंह चौटाला, मनमोहन सागर, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार (पर्यवेक्षक), उत्तम राहा, कृष्णपाल, शालू, सुजाता, बीना, वंदना हलदर, सोनी, गुलाबो, गुड्डी, रतन दास, ग्रीस व अमर को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ मैसर्स- भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर- 25, सेक्टर 16 ए फिल्म सिटी नोएडा के मुख्य गेट के समक्ष सीटू के बैनर तले श्रमिकों का आंदोलन आज भी जारी रहा।

धरना प्रदर्शन में सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर मौजूद रहे।

# भू-माफिया के आगे जिला प्रशासन ने टेके घुटने

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार पर कितना भी अंकुश लगा लें लेकिन कुछ ऐसे भूमाफिया हैं जो सुविधा शुल्क देकर किसी को घुटने टिकवा देते हैं।

नोएडा के बदौली बांगर गांव के खसरा नंबर-407 जो खाद के गड्डे की जमीन है उस पर एक भूमाफिया ने बहुमंजली इमारत बनाकर जिला प्रशासन के आला अफसरों को घुटने टेकवा दिया।

बताया जाता है कि बदौली बांगर गांव का रहने वाला महेश चौहान एवं उसके पुत्र ने खाद के गड्डे की जमीन पर जबरन कब्जा कर उस पर इमारत खड़ी कर दी। जब इस संबंध में जिला प्रशासन के अफसरों से बात की गई तो उन्होंने कार्रवाई करने के नाम पर खानापूर्ति कर पल्ला झाड़ लिया। करोड़ों रुपए मूल्य की सरकारी जमीन पर बनी इमारत पर जिला प्रशासन के आला अफसरों की मेहरबानी से भूमाफिया पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

# पर्यावरण सप्ताह के तहत इफको फूलपुर में नैनो उर्वरकों पर विशेष प्रस्तुति



**प्रयागराज।** पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर इफको फूलपुर इकाई में एक विचारोत्तेजक प्रस्तुति और किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य फोकस नैनो उर्वरकों की भूमिका को लेकर था—विशेषकर पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि में उनके योगदान को लेकर।

इफको के बोर्ड रूम में आयोजित तकनीकी सत्र में वरिष्ठ प्रबंधक (ई.पी.सी.) उमेश कुमार ने 'नैनो उर्वरक और पर्यावरण संरक्षण' विषय पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरक परंपरागत रासायनिक उर्वरकों की तुलना में अधिक प्रभावी हैं, और ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहायक हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक न केवल फसल को आवश्यक पोषण प्रदान करता है बल्कि मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखते हुए जल स्रोतों को प्रदूषित होने से भी बचाता है। यह तकनीक मृदा व जल संरक्षण के लिए भी वरदान सिद्ध हो सकती है।

इसके बाद इफको कोर्डेट में किसानों के लिए आयोजित गोष्ठी में नैनो उर्वरकों के लाभों पर चर्चा की गई। गोष्ठी में बताया गया कि ये उर्वरक कम मात्रा में अधिक प्रभाव देते हैं, जिससे उत्पादन लागत घटती है और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव नहीं पड़ता।

गोष्ठी में वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया, कोर्डेट प्रचार्य डॉ. डी.के. सिंह, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, महामंत्री स्वयम् प्रकाश और प्रबंधक ई.पी.सी. मनोज तिवारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शौकीन (Shaukin) पुत्र श्री नवाबुद्दीन खान (Nababuddin khan) निवासी- ग्राम मिल्क लच्छी,रोजा याकूबपुर, जिला- गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम शौकीन खान (Shaukeen khan) है, और आधार कार्ड में शौकीन (Shaukin) है । शौकीन खान और शौकीन दोनों मेरे ही नाम है। लेकिन मेरा सही नाम शौकीन (Shaukin) है । इसलिए मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में शौकीन किया जाए । और भविष्य में मुझे शौकीन (Shaukin) पुत्र नवाबुद्दीन खान (Nababuddin khan) के नाम से जाना जाए।

# इफको फूलपुर इकाई ने आयोजित की किसान चौपाल




**प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई द्वारा ग्राम खोदायपुर, फूलपुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि क्षेत्र में उभरती नैनो तकनीकों पर केंद्रित विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने किसानों को संबोधित करते हुए नैनो डीएपी (तरल) के बीज शोधन में प्रयोग की विधि विस्तार से समझाई।

उन्होंने बताया कि प्रति किलोग्राम बीज पर 5 मि.ली. नैनो डीएपी से उपचार कर उसे 30-35 मिनट छांव में सुखाना चाहिए, तत्पश्चात ही बुवाई करें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया प्लस के छिड़काव को फसल की बेहतर वृद्धि एवं पोषण के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

इफको के जन संपर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश ने टिकाऊ खेती और पर्यावरण संरक्षण के लिए नैनो उर्वरकों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, मृदा परीक्षण और नैनो उर्वरकों के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

कोर्डेट के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. हरिश्चंद्र ने मिट्टी की जांच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को फसलवार उर्वरक चयन, उनकी मात्रा और प्रयोग की समय-सीमा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही जानकारी और तकनीक से किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने ड्रोन तकनीक द्वारा उर्वरक छिड़काव की वैज्ञानिक विधि भी किसानों को सिखाई।

इस दौरान इफको इकाई प्रमुख द्वारा एक अहम घोषणा करते हुए बताया गया कि इस वर्ष किसानों को नि:शुल्क ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे, और कोर्डेट की टीम किसानों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण भी देगी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी, ग्राम प्रधान कुंदन सिंह, कमला कांत मिश्र, सोनू कुमार गुप्ता, दिलीप विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार, बीरेन्द्र यादव एवं राजकुमार भारतीय समेत कई स्थानीय कृषक उपस्थित रहे। चौपाल में किसानों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए नैनो तकनीक आधारित खेती को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई।




दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### एक रुपए के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिक: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा प्रणाली में एक रुपये के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिक होती है। रिजर्व बैंक के अनुसार हर एक रुपये के सिक्के बनाने में सरकार को करीब 1.11 रुपये का नुकसान होता है। यह मामला सिर्फ एक रुपये तक ही सीमित नहीं है। दूसरे सिक्कों की लागत भी उनकी कीमत से अधिक होती है। भारत सरकार मुख्य रूप से मुंबई और हैदराबाद में सिक्कों का निर्माण करती हैं। एक रुपये का सिक्का स्टेनलेस स्टील से बनाया जाता है, जिसका वजन करीब 3.76 ग्राम, व्यास 21.93 मिमी, और मोटाई 1.45 मिमी होती है। यह सिक्का वर्षों तक उपयोग में रह सकता है, जिससे इसकी टिकाऊ प्रकृति साफ झलकती है। सरकार को हर सिक्के पर घाटा हो रहा है फिर भी इनका निर्माण जारी रखती है क्योंकि सिक्के नोटों की तुलना में काफी ज्यादा समय तक चलते हैं। जहां नोटों को कुछ सालों में बदलना पड़ता है, वहीं सिक्के दशकों तक प्रचलन में रहते हैं।

### चीन के निर्यात में तेजी, अमेरिका के साथ व्यापार में आई कमी

**बीजिंग।** मई महीने में चीन के निर्यात में वृद्धि दर्शाती हुई रिपोर्ट जारी की गई है। इसके विपरीत चीन का अमेरिका को निर्यात 10 प्रतिशत कम है, जैसा कि विभागीय आंकड़ों से पता चला है। चीन के निर्यात मई महीने में पिछले साल की तुलना में 4.8 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के आयात में 3.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इस समय चीन का अमेरिका को निर्यात $28.8 अरब डॉलर रहा है, जबकि चीन का अमेरिका से आयात 7.4 प्रतिशत घटकर $10.8 अरब डॉलर हुआ है। अप्रैल में वृद्धि के बाद, मई महीने में चीन के वैश्विक निर्यात में धीमी गति देखने को मिल रही है। आगामी सोमवार, ब्रिटेन में चीन और अमेरिका के बीच एक वार्ता होगी, जिसमें चीनी उप-प्रधानमंत्री हुई लेइफेंग भाग लेंगे।

### कच्चा तेल 5,469 रुपए प्रति बैरल

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोर मांग को देखते हुए कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया, जिससे सोमवार को कच्चे तेल का वायदा भाव हल्की गिरावट लेकर 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई डिलिवरी वाले कच्चे तेल का भाव एक रुपये की गिरावट के साथ 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया, जिसमें 6,210 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदे कम करने के बाद कच्चे तेल की वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.54 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि ब्रेंट क्रूड न्यूयॉर्क में मामूली रूप से 0.08 डॉलर गिरकर 66.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### एल्युमीनियम के भाव गिरकर 237 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता उद्योगों की मांग घटने के कारण प्रतिभागियों द्वारा सौदों के आकार को कम करने से हाजिर बाजार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 55 पैसे की गिरावट के साथ 237.25 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई डिलिवरी वाले एल्युमीनियम अनुबंध की कीमत 55 पैसे अथवा 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 237.25 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इसमें 4,222 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### धनिया का भाव 48 रुपए महंगा

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में मांग बढ़ने से कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे सोमवार को वायदा कारोबार में धनिया की कीमत 48 रुपये बढ़कर 7,162 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में जून डिलिवरी वाले धनिया अनुबंध की कीमत 48 रुपये अथवा 0.67 प्रतिशत बढ़कर 7,162 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिसमें 13,885 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

# दुनिया के सबसे बड़े जहाज का आगमन नए बंदरगाह के लिए मील का पत्थर

- दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना विझिनजाम बंदरगाह पर पहुंचा
- लाइबेरियाई झंडे के नीचे चलने वाला यह जहाज 26 स्तरों तक ऊंचे कंटेनरों को ढेर करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कंटेनर स्टैकिंग में बेजोड़ क्षमता प्रदान करता है



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना सोमवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर सुबह आठ बजे पहुंचा। कंटेरन जहाज के यहां पहुंचने पर उसका स्वागत पारंपरिक जल सलामी के साथ किया गया। ये जहाज मंगलवार तक यहां रहेगा। दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना ने विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर ऐतिहासिक शुरूआत की। दक्षिण एशियाई बंदरगाह की अपनी पहली यात्रा पर आया ये जहाज सुबह 8 बजे बंदरगाह पर पहुंचा, जिसने अल्ट्रा-लार्ज कंटेनर जहाजों (यूएलसीवी) को संभालने में विझिनजाम की क्षमताओं को उजागर किया। एमएससी इरिना, जिसे टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) क्षमता के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज बताया जा रहा है, जो मंगलवार तक बंदरगाह पर खड़ा रहेगा। विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह को अडाणी समूह ने बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2 मई को इसका उद्घाटन किया। दुनिया के सबसे बड़े जहाज का आगमन नए बंदरगाह के लिए मील का पत्थर है।

**फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है ये जहाज**

एमएससी इरिना जहाज की क्षमता 24,346 टीईयू की है, जो इसे वैश्विक शिपिंग में एक मजबूत खिलाड़ी बनाती है। 399.9 मीटर की लंबाई और 61.3 मीटर की चौड़ाई के साथ यह जहाज फीफा द्वारा नामित एक मानक फुटबॉल मैदान से लगभग चार गुना लंबा है। इस को मार्च, 2023 में लॉन्च किया गया था, जो उसी वर्ष अप्रैल में अपनी पहली यात्रा पर निकला था। लाइबेरियाई झंडे के नीचे चलने वाला यह जहाज 26 स्तरों तक ऊंचे कंटेनरों को ढेर करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो कंटेनर स्टैकिंग में बेजोड़ क्षमता प्रदान करता है। समकालीन पर्यावरण मानकों के अनुरूप, यह पोत ऊर्जा-बचत सुविधाओं से सुसज्जित है, जो कार्बन उत्सर्जन में 4 फीसदी तक की कमी लाने में योगदान देता है, जिससे परिचालन दक्षता बनाए रखते हुए इसके कार्बन पदचिह्न में उल्लेखनीय कमी आती है। उल्लेखनीय है कि एमएससी इरिना जहाज का यह स्मारकीय आगमन विझिनजाम बंदरगाह के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसे 2 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया था। इस बंदरगाह ने जुलाई, 2024 में परीक्षण के आधार पर और उसके बाद दिसंबर में वाणिज्यिक संचालन शुरू होने के बाद से अब तक 7.33 लाख कंटेनरों को संभालने वाले 349 जहाजों को बर्थिंग की सुविधा प्रदान की है।

### स्टेट बैंक ने सरकार को दिया 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित वर्ष 2024-25 के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने सोमवार को 8,076.84 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा। इस अवसर पर वित?त सचिव अजय सेठ और वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) सचिव एम. नागराजू भी मौजूद रहे। वित्त मंत्री कार्यालय ने एक बयान में बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सी. श्रीनिवास सेट्टी से केंद्रीय वित्त मंत्री को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त हुआ। ये राशि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 6,959 करोड़ रुपये के लाभांश से अधिक है, जो एसबीआई के उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय स्टेट बैंक एक भारतीय बहुराष्ट्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक के साथ वित्तीय सेवा निकाय है। इसका मुख्यालय मुंबई में है। बैंक की परिसंपत्तियों के हिसाब से 23 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है, जबकि कुल ऋण और जमा बाजार में इसकी हिस्सेदारी 25 फीसदी है।

## मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

# निवेशकों को 3.95 लाख करोड़ का फायदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। लगभग पूरे दिन बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बने रहे। दिनभर की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान रियल्टी सेक्टर को छोड़कर शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। सबसे अधिक तेजी बैंकिंग, आईटी और मीडिया सेक्टर के शेयरों में दर्ज की गई। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, हेल्थ केयर, टेक, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 4 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 455.08 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 451.13 लाख करोड़ रुपये था।



# बिहार और झारखंड में सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो ने इनोवेशन को दिया बढ़ावा

**धनबाद।** सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो सीजन 4 ने पूरे में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, और इसका संदेश एकदम साफ है द इनोवेशन सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं है; यह हर उस युवा का है जो किसी समस्या को हल करना चाहता है। उत्तर, दक्षिण और उत्तर-पूर्व के स्कूलों और कॉलेजों में उत्साह जगाने के बाद, अब यह कार्यक्रम बिहार और झारखंड पहुंच गया है, जहां सैकड़ों छात्र मिलकर नई और उपयोगी चीजें बना रहे हैं। इस नए अध्याय के केंद्र में रांची के तीन प्रतिष्ठित संस्थान थे - गोस्नर कॉलेज, सेंट जेवियर्स कॉलेज और मारवाड़ी कॉलेज, जहां डिजाइन थिंकिंग ओपन हाउस ने कक्षाओं को विचार प्रयोगशालाओं में बदल दिया। इस बीच, आईआईटी पटना के स्टूडेंट्स ने वर्चुअली हिस्सा लिया, उन्होंने यह साबित कर दिया कि भारत के भविष्य को आकार देने में भौगोलिक सीमा अब कोई बाधा नहीं है। मारवाड़ी कॉलेज के स्टूडेंट सूरज के लिए यह वर्कशॉप एक आंखें खोलने वाला अनुभव था। उसने कहा, यह मेरे लिए पहला मौका था जब मैंने देखा कि सही तरीके से सोचकर आसपास की समस्याओं को असली प्रोजेक्ट में बदला जा सकता है। मैं हमेशा से स्थानीय समस्याओं जैसे स्वच्छता की कमी और कचरा प्रबंधन - के बारे में जानता था, लेकिन अब मुझे लगता है कि मैं कुछ कर सकता हूँ। उनकी नोटबुक में छोटे कस्बों के लिए कचरा छाँटने के समाधान के शुरूआती रेखाचित्र भरे हुए थे।



# बेहतरीन तालमेल की कोई उम्र नहीं होती : आशी सिंह



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब का आगामी शो उफ़्फ ये लव है मुश्किल एक नई सोच और ताजगी से भरी कहानी पेश करता है, इन दोनों किरदारों में लगभग 20 साल का उम्र का अंतर है, जिसे यह शो छिपाने की बजाय साहसिकता से अपनाता है। इसे ही अपनी कहानी का मूल तत्व बनाता है। इस अनोखी कास्टिंग की सबसे बड़ी ताकत है दोनों कलाकारों की स्वाभाविक और सशक्त केमिस्ट्री। युग और कैरी के किरदार पारंपरिक दायरे में नहीं बंधे हैं - उनके रिश्ते में विरोधाभास हैं, जटिलताएं हैं, और संवेदनशीलता है। यही पहलू उन्हें दर्शकों से गहराई से जोड़ने वाला बनाता है। ऑफस्क्रीन, शब्बीर और आशी के बीच का आपसी सम्मान और सहजता ऑनस्क्रीन एक विश्वसनीय और सहज बॉन्ड में तब्दील हो जाती है। पीढ़ियों का फासला होने के बावजूद दोनों की परफॉर्मेंस में जबरदस्त तालमेल है, जो यह साबित करता है कि सच्चा जुड़ाव उम्र से नहीं, बल्कि ईमानदारी और समर्पण से बनता है।

# सिंटेक्स अत्यधिक तापमान के लिए पेश किया है भारत का पहला ट्रूली इंसुलेटेड वॉटर टैंक

**मुंबई।** भारत की अग्रणी और विश्वसनीय गुणवत्ता वाले वॉटर स्टोरेज समाधान निमार्ता कंपनी सिंटेक्स बाय वेलस्पन ने भारत का पहला ट्रूली इंसुलेटेड वॉटर टैंक पेश किया है। यह भारत का पहला ट्रूली इन्सुलेटेड पानी का टैंक है क्योंकि इस समय पूरे भारत में गर्मी की लहर के कारण तापमान बढ़ रहा है। कठोर मौसम की स्थिति को सहने के लिए डिजाइन किया गया 50 मिमी पॉलीयूरेथेन फोम एक प्रभावी इन्सुलेटर के रूप में कार्य करता है, जो संग्रहीत पानी के तापमान को उसकी मूल स्थिति के करीब बनाए रखता हैकटैंक 100% वर्जिन फूड-ग्रेड प्लास्टिक से तैयार किया गया है, जो स्वास्थ्य की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करता है और रिसाइकल प्लास्टिक से जुड़ी संभावित हानियों से बचाव करता है। टूपीयूएफ तेजी से ग्राहकों की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं के बीच पसंदीदा विकल्प बन रहा है। भारी स्टील टैंकों के लिए एक प्रभावी उपाय प्रदान करता है। लंबे समय तक धूप में रहने से संग्रहित पानी काफी गर्म हो जाता है और काई निर्माण तथा जीवाणु वृद्धि के लिए आदर्श वातावरण बन जाता है। परिणामस्वरूप दुर्गंध दैनिक जल उपयोग और स्वच्छता को प्रभावित करती है ट्रूपुफ को थर्मस की तरह काम करने के लिए डिजाइन किया गया है - जलवायु परिस्थितियों की परवाह किए बिना पानी के मूल तापमान को बनाए रखता है। अपने थिकर मेक निर्माण और यूवी-स्टेबलाइज्ड बाहरी आवरण के साथ, ट्रूपुफ सूरज की रोशनी को रोकता है और जलकाई के निर्माण को रोकता है। टैंक 'हेक्सा बोल्ट' के साथ अद्वितीय सेल्फ-लॉकिंग ढक्कन से सुसज्जित है जो बाहरी हस्तक्षेप से शीर्ष को सुरक्षित करता है।




### महान कलाकारों ने उनके अभिनय के प्रति प्रेम को जन्म दिया



**मुंबई।** हर कलाकार के पीछे कोई न कोई प्रेरणास्त्रोत होता है, जिसने उन्हें सपना देखने की राह दिखाई होती है। दिग्गजों को भावनात्मक ट्रिब्यूट में सोनी सब के कलाकार उन महान हस्तियों के बारे में बताया। तेनाली रामा के आदित्य रेडीज ने कहा, मुझे तो अभिनय ने खोजा, इससे पहले कि मैं उसे तलाश पाता। मुझे हमेशा कहानी कहने की कला ने आकर्षित किया – चाहे वह मंच हो या कैमरे के सामने। पुष्पा इम्पॉसिबल में 'पुष्पा' की भूमिका निभा रही करुणा पांडे ने कहा, अग्निपथ में बच्चन साहब कमाल के थे – दरअसल, उनकी हर फिल्म में वो अद्भुत नजर आते हैं। फिर दिलीप कुमार, अशोक कुमार और गुरु दत्त जैसे कई दिग्गजों ने मुझे प्रेरित किया। जब बात अभिनेत्रियों की आती है – भारत और विदेश, दोनों जगहों से – मैं कई अभिनेत्रियों को पसंद करती हूं। 'तेनाली रामा' के कृष्णा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा मेरे पिताजी, आदित्य भारद्वाज रहे हैं। वह सिर्फ मेरे अभिभावक नहीं, बल्कि एक बेहतरीन अभिनेता और निर्देशक भी हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**दिल्ली के द्वारका ...**

दमकल विभाग के मुताबिक, दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित अपार्टमेंट में आग लगने की खबर मिली थी। मौके पर फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां मौजूद हैं। आग इतनी भयावह थी कि लपटों से पूरी बिल्डिंग घिर गई, जिसके बाद आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई।

पुलिस के अनुसार, सूचना मिली है कि द्वारका सेक्टर 13 के शपथ सोसाइटी में 8वीं और 9वीं मंजिल पर आग लगी थी। दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की, दोनों की उम्र 10 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से नीचे पार्किंग में कूद गए, जिन्हें आकाश अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बाद में इन बच्चों के पिता यश यादव (35 साल) भी बालकनी से कूद गए, उन्हें भी आईजीआई अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। यश यादव, फ्लेक्स बोर्ड के व्यवसाय से जुड़े थे।

आग की लपटों से खुद को घिरा देखकर सातवीं मंजिल पर रहने वाला एक परिवार घबरा गया और दो बच्चों के साथ पिता ने छलांग लगा दी।

यश यादव की पत्नी और बड़ा बेटा आग से बच गए और जीवित हैं। उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए आईजीआई अस्पताल भेजा गया है। सोसायटी के सभी निवासियों को बाहर निकाल लिया गया है। बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। हालात का जायजा लेने के लिए डीडीए और एमसीडी को सूचित कर दिया गया है। परिवार की सहायता के लिए आकाश और आईजीआई अस्पताल में टीमें तैनात की गई हैं।

**'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'...**

अब चेहरा देखकर नहीं बल्कि पात्रता देखकर लोगों को योजनाओं का लाभ मिलता है। शासन अब तुष्टिकरण के आधार पर नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के आधार पर कार्ययोजना को आगे बढाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने नेतृत्व में हम सभी ने एक नए भारत का दर्शन किया है। अगर हम अर्थव्यवस्था को देखें तो याद करिए 2014 के पहले का भारत. लोगों को भरोसा नहीं था कि भारत में क्या होगा। 1947 से लेकर 2014 तक भारत दुनिया की सिर्फ 11वीं अर्थव्यवस्था बन पाया था। वो भी अस्थिर थी, लेकिन पिछले 11 साल में भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। जिस ब्रिटेन ने भारत पर लगभग 200 साल तक शासन किया, उस ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को भारत ने पछाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा पहला देश है जिसने अपनी प्रति व्यक्ति आय पिछले 10 साल में दोगुनी से ज्यादा की है।

**दिल्ली विवि के प्रोफेसर...**

अधिकार व कब्जा नहीं जमाएंगे। डॉ मृत्युंजय कुमार के मुताबिक उन्होंने उक्त फ्लैट का कब्जा लेकर 2002 को फ्लैट के सभी पेपर विधि अनुसार पंजीकृत कर लिए। इस दौरान शहर में संपत्तियों के रेट बढ़ जाने के कारण उनके भाई अरुण कुमार व उनकी पत्नी भारती कुमारी के मन में बेईमानी आ गई और उन्होंने अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से उक्त फ्लैट को कब्जाने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्होंने अपने भाई व उनकी पत्नी के विरुद्ध थाना सेक्टर-49 में मुकदमा पंजीकृत कराया।

डॉ मृत्युंजय कुमार का आरोप है कि अरुण कुमार व पत्नी भारती कुमारी ने नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों के साथ मिलकर उनके फ्लैट के फर्जी कागजात बनाकर 19 जुलाई 2024 को प्राधिकरण से फ्लैट बेचने की अनुमति प्राप्त कर ली और 20 जुलाई को उक्त फ्लैट को विशाल सिंह व इशिका सिंह निवासी अंधेरी पूर्वी मुंबई को बेच दिया। डॉक्टर मृत्युंजय कुमार के मुताबिक पारिवारिक समझौते के तहत फ्लैट उनका है और उनके भाई व भाभी ने जानबूझकर फर्जी तरीके से उनके फ्लैट को बेच दिया है। इस मामले में वह 21 सितंबर 2024 को थाने में रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचे लेकिन पुलिस ने मामला दीवानी का बताकर शिकायत लेने से मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**दुर्घटना में घायल...**

के पैर के ऊपर से बाइक उतार दी जिसके कारण उनके पैर की हड्डी टूट गई। घटना के संबंध में चमन सिंह के बेटे शिवम कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

**गाजियाबाद में सूटकेस...**

द्वारा वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करके साक्ष्य एकत्र किये तथा उक्त सूटकेस को खोला गया। सूटकेस के अंदर लगभग 25 वर्ष की अज्ञात महिला जोकि सिंदूर और बिछिया पहने है जिससे स्पष्ट होता है कि वह हिन्दू है। अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ पुलिस द्वारा उक्त शव को कब्जे में ले करके पंचायतनामा भर करके पोस्टमार्टम के लिए डेड बॉडी भेजी गई है। अज्ञात महिला के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शीघ्र ही घटना का अनावरण कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**सोनम बेवफा : सोनम ने चिल्लाकर...**

ठहराव नहीं हुआ। प्लान था कि अमावस्या के बाद लेकर आते और फिर घूमने जाते, लेकिन सोनम ने अचानक हनीमून की योजना बदल दी।

परिवार का दावा है कि हनीमून का सारा प्लान सोनम ने खुद बनाया। टिकट उसने करवाई, जगह उसने चुनी, तारीख उसने तय की और राजा को इसकी जानकारी आखिरी दो दिन में ही दी गई। राजा को रविवार की सुबह तक नहीं पता था कि वो हनीमून पर शिलांग जा रहे हैं। रविवार की शाम को सोनम ने बताया कि मंगलवार को निकलना है। सोमवार को दोनों ने साथ में शॉपिंग भी की। इसके बाद मंगलवार को दोनों शिलांग रवाना हो गए। परिवार को यह भी जानकारी है कि सोने की चेन और अंगूठी भी सोनम के कहने पर ही साथ ली गई। सोनम ने खुद फोन कर कहा कि सोने की चेन और अंगूठी पहनकर आना।

राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी की पत्नी बताती हैं कि जब हमने सुना कि सोनम ने इस तरह की साजिश रची है, तो हमारे हाथ-पांव ठंडे पड़ गए। हमने तो उसे बेटी की तरह अपनाया था। अगर उसे प्रेमी से ही शादी करनी थी, या उसके साथ ही जाना था, तो हम मना नहीं करते। हम लोग उसके घर भी मिलने गए थे।दोनों का रिश्ता घरवालों की मर्जी से हुआ था। हमारे घर में सब ठीक चल रहा था। छोटी जेठानी कहती हैं कि बड़ी चेन थी, मोटी अंगूठी थी। राजा ने रास्ते से मां को बताया था कि सोनम के कहने पर वो इन सामान को लेकर गया हूं। अब ये सब सुनकर हमें शक होता है कि शायद ये सब उसी योजना का हिस्सा था।

**दो स्थानों पर पाइप...**

नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक (गंगाजल) देवेन्द्र निगम ने जल विभाग के तीनों खंडों को इस आशय की जानकारी दे दी है। उन्होंने जल विभाग से संबंधित क्षेत्रों में समुचित मात्रा में जलापूर्ति के लिए टयूबवेल/रैनीवेल से जलापूर्ति करने की बात कही है ताकि जलापूर्ति की किल्लत पैदा न हो।

उधर कल से कई सेक्टरों में कम अवधि पर कम दबाव में गंगाजल की आपूर्ति हो रही है। कुछ स्थानों पर गंदा जलापूर्ति की भी शिकायतें मिल रही हैं। क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के कारण 80 क्यूसेक गंगाजल की आपूर्ति बाधित हो गई है। श्री निगम ने कहा कि 13 जून के बाद समुचित मात्रा में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

**प्राधिकरण ने दी**

नोएडा-ग्रेनो समेत एनसीआर की करीब 40 परियोजनाओं में हजारों फ्लैट खरीदार फंसे हुए हैं। सीबीआई स्पोर्ट्स सिटी मामले की भी जांच कर रही सीबीआई नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी घोटाले की भी जांच कर रही है। बीते एक महीने में तीन-चार बार सीबीआई की टीम प्राधिकरण के दफ्तर आ चुकी है। टीम ने स्पोर्ट्स सिटी की सेक्टर-78, 79, 150 और 152 में आवंटित हुए भूखंडों की भी मौके पर जाकर जांच की। सीबीआई इन जगहों का ड्रोन से भी सर्वे कर चुकी है।

### जन्मदिन की बधाई



**विनीत प्रजापति पुत्र जयप्रकाश प्रजापति निवासी हैरोला सेक्टर-5 के 24वें जन्मदिन पर चेतना मंच की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।**

**चेतना मंच परिवार**




### पीयूष गोयल 13 तक स्विट्जरलैंड और स्वीडन की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 9 से 13 जून तक स्विट्जरलैंड और स्वीडन की आधिकारिक दौरे पर हैं। वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा का मकसद आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए साथ-साथ रणनीतिक ट्रेड और विनिवेश संबंधों को आगे बढ़ाना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की इस यात्रा की शुरूआत स्विटजरलैंड से होगी, जहां मंत्री वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और प्रभावशाली उद्योग जगत की हस्तियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए संभावनाओं का पता लगाएंगे। पीयूष गोयल की बैठकें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार संघों के साथ उच्च-प्रभावी बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए तय की गई हैं। यात्रा कार्यक्रम में फार्मा और लाइफ साइंसेज, तथा प्रेसिजन इंजीनियरिंग, मशीन टूल्स, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में प्रमुख स्विस उद्योग जगत के नेताओं के साथ केंद्रित क्षेत्रीय बैठकें शामिल हैं।

खास खबर

### फ्रेंच ओपन विजेता को मिले 25 करोड़

पेरिस । स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल का खिताब जीत लिया है। पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में अल्कारेज ने सिनर को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराया। इस जीत से कार्लोस अल्काराज को 2.55 मिलियन यूरो करीब 24 करोड़ 94 लाख रुपये मिले हैं। इस प्रकार उनकी पुरस्कार राशि बढ़कर $44.7 मिलियन हो गई है। अब अल्कारेज ने सबसे अधिक आय वाले खिलाड़ियों की सूची में पीट सम्प्रास को पीछे छोड़ दिया है। अल्काराज सातवें नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं सिनर को 1.35 मिलियन यूरो करीब 13 करोड़ 20 लाख रुपये मिले हैं और अब वह सम्प्रास से पीछे हो गये हैं। अल्कराज को फ्रेंच ओपन जीतने पर भारतीय रुपयों में देखें तो ये लगभग 25 करोड़ रुपये होते हैं।

### वसीम अकरम की मूर्ति को लेकर खड़ा हुआ विवाद

हैदराबाद। पाकिस्तान के हैदराबाद शहर स्थित नियाज स्टेडियम में स्थापित दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम की मूर्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हालांकि, मूर्ति का अनावरण अप्रैल 2025 में होना प्रस्तावित था, लेकिन इससे पहले ही इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसके बाद प्रशंसकों ने मूर्ति के चेहरे की बनावट पर सवाल उठाते हुए जमकर आलोचना की। मूर्ति में अकरम को उनके विशिष्ट गेंदबाजी एक्शन में दिखाया गया है, जिसमें वह 1999 के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की पाकिस्तान टीम की आधिकारिक जर्सी पहने नजर आ रहे हैं। वायरल हुई तस्वीरों में मूर्ति का चेहरा वसीम अकरम से मेल नहीं खा रहा, जिस वजह से यह इंटरनेट पर मीम्स और मजाक का विषय बन गया है। एक यूजर ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर कमेंट करते हुए लिखा कि ऐसा लगता है मानो वसीम अकरम को सिल्वेस्टर स्टेलोन के चेहरे के आधार पर गढ़ा गया हो।

### बीसीसीआई ने आपस में बदले दो मैच स्थल

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के दो टेस्ट मैचों के स्थल बदल दिये हैं। कोलकाता के ईडन गार्डन और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैचों के स्थाल आपस में बदले गये हैं। पहले 14 से 18 नवंबर तक दिल्ली को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी पर अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई ने हालांकि मैच स्थलों को बदले जाने का कारण नहीं बताया है हालांकि अटकलें हैं कि राजधानी दिल्ली में नवंबर में महीने में वायु प्रदूषण के काफी बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया है। समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ सालों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को जमा किया और फैसला लिया कि मैच स्थल को बदलना ही सही रहेगा। भारतीय टीम का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों की सीरीज से शुरू होगा।

# पुर्तगाल ने स्पेन को हराकर दूसरी बार जीता नेशंस लीग का खिताब

▸ रोनाल्डो ने दिलाया बराबरी का गोल



एजेंसी

म्यूनिख। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुवाई में पुर्तगाल ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए यूएफा नेशंस लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में पुर्तगाल ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। मुकाबले की शुरूआत स्पेन के पक्ष में रही, जब 21वें मिनट में मार्टिन जुबिमेंडी ने अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन जल्द ही पुर्तगाल ने वापसी की और नूनो मेंडेस ने रोनाल्डो की मदद से शानदार गोल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। स्पेन ने पहले हाफ के अंत तक फिर से बढ़त बनाई। मिडफील्डर पेड्री के बेहतरीन पास पर मिकेल ओयारजाबाल ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। हालांकि, दूसरे हाफ में रोनाल्डो ने एक बार फिर मौके का फायदा उठाया और 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागते हुए पुर्तगाल को बराबरी दिला दी। मैच के अंतिम क्षणों में रोनाल्डो चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमों के बीच कोई फर्क नहीं पड़ा और मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। यहां स्पेन के अल्वारो मोराटा चूक गए, जबकि पुर्तगाल ने अपने सभी पांच पेनल्टी गोल में बदले। आखिरी किक रूबेन नेवेस ने लगाई और पुर्तगाल को दूसरी बार नेशंस लीग चैंपियन बना दिया। जीत के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने आंसू नहीं रोक सके। यह संभवतः उनका आखिरी बड़ा टूनार्मेंट हो सकता है और टीम को ट्रॉफी दिलाकर वह भावुक हो उठे। 40 साल की उम्र में भी उनका जज्बा और प्रदर्शन प्रशंसकों के लिए प्रेरणादायक रहा। स्पेन ने सेमीफाइनल में फ्रांस को 5-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था और मार्च 2023 से वह अपराजित रहा था।

## कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज खिताब जीता, गुकेश को तीसरा स्थान



एजेंसी

नई दिल्ली । विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैगनस कार्लसन ने एक बार फिर नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट जीत लिया है। वहीं भारत के डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे हैं। कार्लसन का मुकाबला भारत के अर्जुन एरीगैसी से हुआ जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने उन्हे सफेद मोहरों से खेलते हुए क्लासिकल में ड्रॉ पर रोकने के बाद टाईब्रेक आर्मगोडेन में शिकस्त दी हालांकि इस हार के बाद भी कार्लसन को क्लासिकल का एक अंक मिला और वह 16 अंकों के साथ ही शीर्ष पर पर पहुँच गए। ये सातवीं बार है जब कार्लसन को खिताब मिला है। इसके बाद भारत के गुकेश के पास नंबर एक पर पहुंचने का अवसर पर वह इटली के फैबियानो कारुआना से हार गये। ऐसे में कार्लसन 16 अंको के साथ विजेता जबकि करूआना 15.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं अमेरिका के हिकारु नाकामुरा 14 अंक बनाकर चौंथे, अर्जुन 13 अंक के साथ ही पांचवें और चीन के वे यी 9.5 अंक बनाकर आखिरी छठे स्थान पर रहे । वहीं महिला वर्ग में भारती की कोनोरु हंप तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं उक्रेन की एन मुज्युचुक 16.5 अंक के साथ ही नंबर एक पर रहीं।

## इंडिया ए के तेज गेंदबाज खलील का शानदार प्रदर्शन

▸ 4 ओवर में लिए चार विकेट



एजेंसी

नॉर्थम्प्टन । इंडिया ए के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की है। खलीन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन 4 ओवर में चार विकेट लिए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड लायंस का स्कोर 3 विकेट पर 192 रन था। खलील अहमद ने चार ओवर में चार विकेट लेकर इंग्लैंड लायंस की बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया। उन्होंने अर्धशतक की तरफ बढ़ रहे जॉर्डन कॉक्स को आउट किया। कॉक्स ने 45 रन बनाये थे। उनका कैच ध्रुव जुरेल ने पकड़ा। इसके बाद उन्होंने 55वें ओवर में लगातार दो गेंद पर दो विकेट लिए। पहले जेम्स रेउ 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरी गेंद पर जॉर्ज हिल का विकेट गया। वह साफ बोल्ड हुए। इससे इंग्लैंड लायंस की टीम के छह विकेट 223 रनों पर ही निकल गये। इसके बाद अगले ओवर में खलील ने क्रिस वोक्स को भी पेवेलियन भेज दिया। प्रमुख ऑलराउंडर में शामिल वोक्स ने 5 रन बनाए थे। जुरेल ने उनका कैच लिया। इसने इंग्लैंड लायंस की टीम लड़खड़ा गयी। टीम ने 229 रन पर सात विकेट गंवा दिये। इस मैच में इंडिया ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल के शतक की मदद से 348 रन बनाये थे। खलील का प्रदर्शन इंडिया ए की ओर से अच्छा है पर उन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। बाएं हाथ के एक ही गेंदबाज अर्शदीप को टेस्ट सीरीज के लिए शामिल किया गया है।

## भारत-इंग्लैंड सीरीज में बन सकते हैं नये रिकार्ड



एजेंसी

मुम्बई । भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में कई नये रिकार्ड बन सकते हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं। इसके लिए उन्हें 13 विकेट चाहिये। वहीं इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को भारत के खिलाफ 3000 रन बनाने के लिए केवल 154 रनों की जरुरत है। ये रन बनाते ही वह भारत के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इंग्लैंड की धरती पर सबसे अधिक 7 शतक सचिन तेंदुलकर के नाम है। उनकी सबसे यादगार पारियों में 1990 में मैनचेस्टर में 119 रन की नाबाद पारी थी। यह वो पारी थी, जिसने सभी हैरान हो गये थे। उनके साल 2002 में लीड्स में बनाए 193 रनों की पारी को भी कौन भूल सकता है। तेंदुलकर के बाद इंग्लैंड में सबसे अधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर हैं। द्रविड़ और गावस्कर ने इंग्लैंड में 6-6 टेस्ट शतक लगाये हैं। वहीं विराट कोहली के नाम इंग्लैंड में 2 टेस्ट शतक हैं। विराट ने पहला शतक 2018 में नॉटिंघम में बनाया था जबकि दूसरा शतक 2018 में एजबेस्टन में लगाया था।

## दोनों टीमें गेंदबाजी आक्रमण के मामले में संतुलित : आरोन फिंच



एजेंसी

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज आरोन फिंच का मानना है कि मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का गेंदबाजी आक्रमण दक्षिण अफ्रीका की तुलना में अधिक अनुभवी और प्रभावशाली है। फिंच ने ऑस्ट्रेलिया की ताकत का बखान करते हुए कहा कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में उसके गेंदबाजों को अधिक अनुभव है, जिससे उसे बढ़त मिलती है। उन्होंने कहा, ह्लमुझे लगता है कि दोनों टीमें गेंदबाजी आक्रमण के मामले में संतुलित हैं। मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन जैसे गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की ताकत हैं। दूसरी ओर रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को जेनसन और केशव महाराज भी साउथ अफ्रीका के लिए घातक साबित हो सकते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड में खेलने का ज्यादा अनुभव है, जो उसे इस मुकाबले में बढ़त देगा।ह्व गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार ओवल में भारत को हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था। कमिंस की कप्तानी में टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने हाल ही में भारत को 3-1 से हराकर एक दशक बाद घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती।

### टीएनपीएल लीग में अंपायर से बहस करते दिखे अश्विन

चेन्नई । दिग्गज स्पिनर आर अश्विन यहां तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) के एक मुकाबले में महिला अंपायर से उलझ गये। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में आई हैं। ये मैच टीएनपीएल में डिंडीगुल ड्रेगन्स और आईड्रीम तिरुपुर तमिजांस के बीच मुकाबला खेला जा रहा था। इस मैच में अश्विन अपनी टीम डिंडीगुल ड्रेगन्स की कप्तानी कर रहे थे। अश्विन ने इस मैच में पारी की शुरूआत करते हुए 11 गेंदों में 18 रन बनाये और वह एलबीडब्ल्यू हो गए। उन्हें एक महिला अंपायर ने आउट दिया पर अश्विन इस फैसले से नाराज दिखे। उनका मानना है कि गेंद पैड से टकराई और अंपायर ने तुरंत उंगली उठा दी। अश्विन ने अंपायर से कहा कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी और वह आउट नहीं थे पर अंपायर ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया।

## अतीका मीर ने रचा इतिहास, रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष 10 में स्थान बनाने वाली पहली भारतीय



एजेंसी

त्रिनेक । भारत की 10 वर्षीय रेसिंग प्रतिभा अतीका मीर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने प्रतिष्ठित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौवें स्थान पर समाप्ति की और इस प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में स्थान बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं। स्टील रिंग सर्किट पर आयोजित इस प्रतियोगिता में अक्सेल जीपी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहीं अतीका ने प्रारंभिक समय निर्धारण (क्वालिफाइंग) में अपने समूह में सातवां स्थान हासिल किया। हालांकि, बाद की तीन हीट दौरों में उन्हें दो बम्पर दंड मिले, फिर भी उन्होंने दसवें स्थान पर रहते हुए आगे का चरण पार किया। रविवार को पूर्व-फाइनल के दौरान बारिश होने लगी, और इस मार्ग पर गीली सतह में बिना किसी पूर्व अनुभव के, अतीका ने अपनी असाधारण प्राकृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विश्व के श्रेष्ठ चालकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतिम चरण के लिए स्थान सुरक्षित किया। अंतिम दौड़ और भी कठिन परिस्थितियों में हुई। अतीका ने दसवें स्थान से आरंभ किया, लेकिन शुरूआत में चार स्थान पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए नौवें स्थान पर समाप्त किया। अतीका न केवल भारत की ओर से, बल्कि एशिया की ओर से भी सबसे आगे रहने वाली चालक रहीं। प्रतिस्पर्धा के बाद अतीका ने एक आधिकारिक बयान में कहा ह्लयह सप्ताहांत अद्भुत रहा। दुनिया के श्रेष्ठ चालकों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने बहुत कुछ सीखा। सूखे मार्ग पर मेरी गति अच्छी थी और गीली सतह पर भी मेरी प्रगति संतोषजनक रही। मेरी दल और यांत्रिक सहायक (मैकेनिक) आदम ने शानदार कार्य किया। मैं उनकी, अपने माता-पिता और देश के सभी लोगों की आभारी हूं। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी (जिसे रोटैक्स मैक्स यूरोपीय प्रतियोगिता भी कहा जाता है) एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग प्रतियोगिता है जिसमें रोटैक्स मैक्स इंजनों से युक्त गाड़ियों का उपयोग किया जाता है।

## शेफर्ड और होल्डर ने एक ही ओवर में बनाये 31 रन

▸ इंग्लैंड के दूसरे सबसे महंगे गेंदबाज बने



एजेंसी

लंदन । इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच को चार विकेट से जीत लिया। वेस्टइंडीज ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 196 रन बनाये। इसे बाद इंग्लैंड ने ये लक्ष्य छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इंग्लैंड के लिए इस मैच में ल्यूक वुड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए। वहीं आदिल राशिद बेहद महंगे साबित हुए। राशिद ने एक ही ओवर में 31 रन दे दिये। यह टी-20 में किसी भी इंग्लैंड के गेंदबाज द्वारा किया गया दूसरा सबसे महंगा ओवर बन गया, इससे पहले 2007 टी20 विश्व कप के दौरान स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में युवराज सिंह से छह छक्के लगाकर 36 रन बनाये थे।

राशिद ने पारी का 19 ओवर जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को किया। उनके ओवर की पहली ही गेंद पर होल्डर ने छक्का लगा दिया। इसके बाद दूसरी गेंद पर भी छह रन गये। वहीं तीसरी गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर छक्का लगा। चौथी गेंद पर होल्डर ने एक रन बनाया। इसके बाद शेफर्ड ने पांचवीं गेंद और छठी गेंद पर छक्का लगाकर ओवर समाप्त किया। इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। एविन लुईस जल्दी आउट हो गए पर शाई होप और जॉनसन चार्ल्स ने 90 रन बनाकर पारी संभाली। होप 49 रन बनाकर आउट हुए। रोवमैन पॉवेल और जेसन होल्डर ने वेस्टइंडीज को 20 ओवर में छह विकेट पर 196 रनों तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड की ओर से टॉम बैंटन ने 30 रन और जैकब बेथेल ने 26 रन बनाये। दूसरे मैच जीतने के साथ ही इंग्लैंड को तीन मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

## राहुल ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरी पारी में भी लगाया अर्धशतक



एजेंसी

नॉर्थम्प्टन। केएल राहुल ने यहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए की ओर से दूसरे मैच में भी शानदार बल्लेबाजी की है। पहली पारी में शतक लगाने वाले राहुल ने दूसरी पारी में भी अर्धशतक लगाया। इससे अब राहुल ने 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए सलामी बल्लेबाजी के तौर पर अपनी दावेदारी पेश की है। राहुल ने दूसरे अनअधिकृत मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में 51 रन बनाये। राहुल ने यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए 11 रन की साझेदारी की जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 88 रन बनाये। वहीं ईश्वरन ने भी शानदार अर्धशतक लगाया। वहीं दूसरी पारी में करुण नायर केवल 15 रन ही बना पाये। इंडिया ए ने दिन का खेल समाप्त हो के समय तक दूसरी पारी में 4 विकेट पर 163 रन बना लिए थे। ध्रुव जुरेल 6 रन और नीतीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं अभिमन्यु ईश्वरन ने 80 रन बनाये। राहुल ने पहली पारी में 168 गेंदों पर से 15 चौकों और एक छक्का लगाकर 116 रन बनाये थे। राहुल का लय हासिल करना भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत हैं। वहीं इससे पहले इंग्लैंड लॉयन्स की टी 327 रनों पर आउट हो गयी थी। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर इंडिया ए को 21 रन की बढ़त मिली। इंग्लैंड की टीम ने सुबह के सत्र में एक समय केवल 10 रनों के अंदर ही चार विकेट गंवा दिये। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने दो विकेट और तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए।

# भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने किया जमकर अभ्यास




एजेंसी


लीड्स । भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 जून से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है। अभ्यास सत्र में मुख्य कोच यहां गौतम गंभीर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देते दिखे। इस दौरान मोहम्मद सिराज और ऋषभ पंत के बीच छींटाकसी भी हुई। जसप्रीत बुमराह और शुभमन गिल के बीच भी भी कड़ा मुकाबला हुआ। केंट काउंटी मैदान में भारतीय टीम ने तीन घंटे तक अभ्यास किया। इस दौरान गंभीर ने सभी खिलाड़ियों से बात की पर उनका ध्यान युव खिलाड़ियों पर अधिक रहा। गंभीर ने नेट्स के पीछे खड़े होकर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन के प्रदर्शन को देखा। उन्होंने सुदर्शन को डेब्यू से पहले कई टिप्स भी दिए। सुदर्शन ने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था। अभ्यास के दौरान सिराज और ऋषभ के बीच मजेदार मुकाबला हुआ। सिराज तेज गेंदबाजी कर रहे थे पंत पर इसका कोई असर नहीं हुआ। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसलिए उम्मीद है कि वह 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।सिराज से भी यही उम्मीदें हैं। ऑस्ट्रेलिया में वह थके हुए लग रहे थे। सिराज को इस बार मोहम्मद शमी के नहीं होने से खेलने का अधिक अवसर मिल सकता है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी सभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। वहीं एक अन्य तेज गेंदबाज प्रसिद्द कृष्णा ने भारतीय टीम की ओर से तीन टेस्ट मैच खेले हैं पर वह ज्यादा प्रभावित नहीं कर पाए हैं हालांकि इस बार आईपीएल से उन्होने लय हासिल की है। अर्शदीप को भी खेलने का अवसर मिल सकता है। शुभमन गिल की कप्तानी की इस दौरे में परीक्षा होगी। उनका विदेशी धरती पर टेस्ट में रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। उन्होंने 13 टेस्ट मैचों में केवल 649 रन बनाए हैं।

### ऋषभ हुए चोटिल

लंदन । इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले ही भारतीय टीम को करारा झटका लगा है। पहले टेस्ट के लिए अभ्यास के दौरान ही विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हो गए। भारतीय टीम मुख्य कोच गौतम गंभीर और अन्य सहयोगी स्टाफ की निगरानी में अभ्यास कर रही थी तभी ऋषभ उस समय घायल हो गए जब एक गेंद बल्लेबाजी के दौरान उनकी बाईं बांह में लग गई। गेंद लगने के बाद ऋषभ दर्द से परेशान दिखे जिसके बाद टीम के डॉक्टर को बुलाना पड़ा और उन्होंने प्राथमिक उपचार करते हुए आइस पैक लगाया और आराम के लिए बाहर भेज दिया गया। उनकी चोट गंभीर नहीं होने से टीम प्रबंधन को राहत मिली है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज का टेस्ट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है, ऐसे में वह इस सीरीज के लिए बेहद अहम माने जा रहे हैं। पांच मैचों की ये सीरीज 20 जून से लीड्स में शुरू होगी। वहीं दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में होगा जिसके बाद लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में 10 जुलाई से तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल में चौथे और पांचवें टेस्ट होंगे।




स्पेन में डुकाटी लेनोवा टीम मार्क मारक्वीज मोटो जीपी जीतने के बाद एलेक्स माक्वीज के साथ पोंडियम में जश्न मनाते हुए।



## छोटे चिप में समा जाएंगी अब तक लिखी सारी किताबें

नीदरलैंड के वैज्ञानिकों ने दुनिया का सबसे छोटा हार्ड डिस्क बनाने का दावा किया है। सिंगल क्लोरीन एटम पर आधारित डाक टिकट के आकार वाले इस डिस्क में अब तक लिखी गई सारी किताबों को स्टोर किया जा सकता है। मौजूदा समय में हर दिन एक अरब गीगाबाइट से ज्यादा नए आंकड़ों का सृजन हो रहा है। इतनी बड़ी मात्रा में डाटा को स्टोर करने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक बिट जितना संभव हो सके उतना कम स्थान ले। डेफ्ट यूनिवर्सिटी के नैनोसाइंस विभाग के वैज्ञानिकों ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने एक किलोबाइट (आठ हजार बिट्स) की मेमोरी बनाने में सफलता हासिल की है। इसमें प्रत्येक बिट सिंगल क्लोरीन एटम की स्थिति को दर्शाता है। सैंडर ओट के मुताबिक इस स्टोरेज क्षमता से दुनिया भर में आज तक लिखी गई सारी किताबें एक छोटे से हार्ड डिस्क में स्टोर हो जाएंगी। उनके मुताबिक इस हार्ड डिस्क की स्टोरेज डैंसिटी 500 टेराबिट्स (एक लाख करो? बिट्स) प्रति वर्ग इंच है। यह मौजूदा हार्ड डिस्क की क्षमता से पांच सौ गुना ज्यादा है। वर्ष 1959 में प्रख्यात भौतिकविद रिचर्ड फिनमैन ने पहली बार इसकी कल्पना की थी। वैज्ञानिकों के दल ने एटम की सतह की जांच के लिए नीडल युक्त स्कैनिंग टनलिंग माइक्रोस्कोप (एसटीएम) का इस्तेमाल किया। सैंडर ओट ने बताया कि क्लोरीन एटम के छिद्र के ऊपर होने की स्थिति में उसकी संख्या एक मानी जाती है।

## व्हाट्सएप पर ऐसे करें नए फॉन्ट का उपयोग

जो लोग व्हाट्सएप का प्रयोग करते हैं वे कई व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होते हैं। ऐसे में अगर वह अपनी चैट पर ग्रुप के अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं तो वह अपनी चैट का फॉन्ट बदल सकते हैं। इसके अलावा 'कोट' फीचर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

**ऐसे बदलें अपना टैक्स्ट फॉन्ट :** चैट के दौरान अगर फॉन्ट को बदलना चाहते हैं तो इसके लिए पहले अपने व्हाट्सएप पर किसी का चैट बॉक्स खोलें। इसके बाद जिस वाक्य या शब्द को बदलना चाहते हैं, उससे पहले तीन बार (') टाइप करें और वाक्य या शब्द खत्म होने के बाद दोबारा इस कैरेक्टर को तीन बार (') टाइप करें। हालांकि ध्यान देने वाली बात यह है कि फोन के की-बोर्ड में (') इस तरह के दो निशान मिलेंगे, अगर पहले वाले का इस्तेमाल करने से टैक्स्ट का फॉन्ट नहीं बदल रहा है तो आप दूसरे वाले (') चिन्ह का प्रयोग कर सकते हैं। ध्यान रखें कि भेजने से पहले ही यह शब्द अपने आप बदल जाते हैं। यह फीचर उन लोगों को काफी पसंद आ सकता है जो अपने टैक्स्ट फॉन्ट को अन्य लोगों से अलग और रचनात्मक दिखाना चाहते हैं।

**व्हाट्सएप में है 'कोट' फीचर :** ग्रुप या फिर निजी चैट में आप किसी एक मैसेज पर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं तो 'कोट' फीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं। बताते चलें कि व्हाट्सएप ने जून में lets users quote messages फीचर लॉन्च किया था। यह फीचर जवाब देने के लिए प्रयोग किया जाता है।

# नाइटमेयर डिसऑर्डरः डराके गया सपना...!



**कभी-कभार आने वाले डरावने सपने सामान्य बात हैं, मगर यदि यह नियमित सिलसिला बन जाए, तो इसे विकार माना जाता है, जिसका उपचार जरूरी है।**

सपने सब देखते हैं, भले ही कुछ लोगों को जागने पर ये याद न रहते हों। नींद की अवस्था में हमारा मस्तिष्क जो वैकल्पिक यथार्थ या काल्पनिक फिल्म रचकर प्रदर्शित कर देता है, उसी को हम सपना कहते हैं। मसाला फिल्मों की ही तरह हमारे सपनों में एक्शन, इमोशन, रोमांस, कॉमेडी आदि सारे तत्व मौजूद रहते हैं- कुछ कम, तो कुछ ज्यादा। कभी-कभी ये सपने हॉरर फिल्म के रूप में भी सामने आते हैं। इन्हें हम डरावना सपना, बुरा सपना, नाइटमेयर या दुस्वप्न कहते हैं। बच्चों को डरावने सपने आना आम बात है, जिसके कारण वे रोते हुए जाग जाते हैं। मगर ऐसा नहीं है कि वयस्कों को डरावने या बुरे सपने नहीं आते।

यदा-कदा ऐसे सपने हर किसी को आते हैं। डर के मारे आपकी नींद टूट जाती है, आप हड़बड़ाकर उठ बैठते हैं, धड़कन व सांस तेज चलती हुई महसूस होती है। फिर, आपको एहसास होता है कि यह तो महज एक सपना था...। तब धीरे-धीरे आप सामान्य होने लगते हैं। मगर जब यह एक नियमित सिलसिला बन जाए, बार-बार डरावने सपने के कारण आपकी नींद टूट जाए, इन सपनों के खौफ के कारण आप सोने से ही कतराने लगें, तो इसे मानसिक विकार माना जाता है, जिसे उपचार की जरूरत होती है। इसे नाइटमेयर डिसऑर्डर या पैरासोम्निया कहते हैं।

### पहचान और उपचार

यदि सप्ताह में एक से अधिक बार डरावने सपने आएं, यह सिलसिला लगातार बना रहे और इसके कारण आपकी नींद बार-बार बाधित हो तथा दोबारा नींद आना मुश्किल हो जाए, तो आपको डॉक्टर को दिखाना चाहिए। डॉक्टर पॉलीसोम्नोग्राफी नामक टेस्ट कराने को कह सकते हैं, जिसमें नींद के दौरान हृदय गति, मस्तिष्क तरंगों, ऑक्सीजन के स्तर, सांसों तथा आंखों व टांगों की हरकतों को रेकॉर्ड करने के लिए शरीर के विभिन्ना हिस्सों में सेंसर लगाए जाते हैं। इस टेस्ट के परिणाम के आधार पर डॉक्टर उपचार तय कर सकते हैं।

यदि डरावने सपनों का कारण तनाव या डिप्रेशन है, तो उसका उपचार किया जाता है। यदि किसी दवाई के साइड इफेक्ट के कारण ऐसा हो रहा है, तो डॉक्टर वैकल्पिक दवाई बता सकते हैं। नशीले पदार्थ यदि कारण है, तो उनका सेवन बंद करने से दुस्वप्नों की समस्या भी दूर हो सकती है। कुछ दुर्लभ मामलों में नाइटमेयर डिसऑर्डर को दूर करने के लिए दवाइयां भी दी जा सकती हैं।

### नाइटमेयर डिसऑर्डर के कारण

इस डिसऑर्डर के कई कारण हो सकते हैं। एक प्रमुख कारण तो जीवन में हुई कोई त्रासद घटना ही हो सकती है। किसी वजह से यदि आप लगातार तनाव या डिप्रेशन में हैं या फिर व्यग्र हैं, तो भी आपको नियमित रूप से बुरे सपने आ सकते हैं। शराब या ड्रग्स का सेवन भी दुःस्वप्नों का कारण बन सकता है, वहीं इनकी लत छु?ाने की प्र या के दौरान भी ऐसे सपने आ सकते हैं। इसी प्रकार किन्हीं दवाइयों के सेवन से या फिर इनका सेवन अचानक बंद कर देने से भी नाइटमेयर डिसऑर्डर की स्थिति बन सकती है। स्लीप एप्निया (नींद के दौरान सांस लेने में परेशानी से जु?ी समस्या) से ग्रस्त लोग भी नियमित रूप से डरावने सपनों के शिकार हो सकते हैं। कई बार लगातार पर्याप्त नींद से वंचित रहने वाला व्यक्ति जब सोता है, तो ऐसे सपनों का शिकार हो जाता है। इसके अलावा नियमित रूप से डरावनी फिल्में देखने या डरावनी कहानी-उपन्यास प?ने वाले लोगों को भी ऐसे सपने आ सकते हैं। सोने से ठीक पहले भारी भोजन करना भी इसका कारण बन सकता है।

# सोशल मीडिया के जरूरी कायदे

दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारी, कॉलेज जाने वाले युवा और महिलाएं सभी सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। इस प्लेटफॉर्म पर आपकी छवि कैसी बने यह आपके ही हाथ है। कुछ सामान्य बातों का ध्यान रखकर आप अपनी सकारात्मक छवि बना सकते हैं। यह मुश्किल काम नहीं।

### अपनी ही अपनी चीजें

कुछ लोग खुद से जुड़ी हर छोटी से छोटी बात सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। यह आपसे जुड़े लोगों के लिए चिढ़ाने वाली होती है। कई बार लोग यह बताते हैं कि हम फलां रेस्टोरेंट गए या अब हवाई जहाज से सफर कर रहे हैं और ऐसी ही फालतू बातें।

### प्रतिक्रिया में लेट न हों

अक्सर लोग ई-मेल या सोशल मीडिया पर भेजे गए किसी मैसेज का जवाब कई-कई दिनों बाद देते हैं। यह अच्छा प्रभाव नहीं छोड़ता। 60 मिनट में जवाब देना अच्छा माना जाता है। 30 मिनट में अगर आप जवाब देते हैं तो इससे अच्छा कुछ नहीं। जवाब केवल जरूरी मसलों में ही दें, फिजूल की बातचीत में न उलझें।

### हैशटेग का ध्यान

अगर आपकी सभी पोस्ट के साथ हैशटेग का चिह्न रहता है तो यह ठीक बात नहीं। इसलिए अतिमहत्वपूर्ण चीजों या विचार के साथ ही हैशटेग चिह्न का उपयोग करें। कुछ लोग हर छोटी-मोटी बात में हैशटेग का उपयोग करते हैं जो इसका महत्व कम कर देती है।




### 80 काम, 20 हंसी

आपकी पोस्ट की 80 प्रतिशत चीजें ऐसी हों जो दूसरों के लिए किसी न किसी तरह उपयोगी हों। 20 प्रतिशत चीजें आप सिर्फ आनंद के लिए पोस्ट कर सकते हैं लेकिन ज्यादा बड़ा हिस्सा तो किसी बात पर दूसरों की राय जानने या किसी विषय को उनके साथ साझा करने जैसी चीजों का होना चाहिए।

### सीधा संवाद

अपने से जुड़े लोगों के साथ सीधा संवाद रखें। उन्हें सीधे संबोधित करके कोई बात कहें। किसी भी व्यक्ति से बात करते हुए उसे सम्मान के साथ संबोधित करें। बातचीत में संबोधन का बहुत फर्क होता है और वे संबंधों को मजबूत करते हैं।

### ट्वीट में जवाब की जगह

जब भी किसी विषय पर ट्वीट करें तो उसमें सामने वाले से आने वाले जवाब की जगह भी हो। एकतरफा संवाद होकर न रह जाए। इस तरह के खुले सिरे वाली बात में नए लोग भी जुड़ पाएंगे।

### बिना अनुमति टैग नहीं

यह सामान्य व्यवहार का हिस्सा तो होना चाहिए लेकिन यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि कई लोग इसी कारण आपकी रिपोर्ट कर देते हैं या आपको अपनी फ्रेंड सूची से हटा देते है। वैसे भी बिना अनुमति किसी को टैग करना कहां ठीक है।

### स्रोत का उल्लेख

जब कोई पंक्ति या गद्य का कोई टुकडा आप पोस्ट करते हैं या उसे ट्वीट करते हैं तो उसके स्रोत का उल्लेख करना चाहिए। कई लोग दूसरों की पंक्तियों को बिना नाम से पोस्ट करते हैं जो कि अच्छा नहीं है। अगर आप संदर्भ का उल्लेख करते हैं तो आपकी छवि बेहतर होगी।

### नियमित रहें

कुछ लोग सोशल मीडिया पर लंबे गैप के बाद सक्रिय होते हैं और ऐसे में बीच में क्या हुआ वे इससे चूक जाते हैं। इसलिए तय करें कि आप दिन के किसी एक खास समय सोशल मीडिया पर रहेंगे या फिर हर दो दिन में एक बार अपना अकाउंट चेक करेंगे।

# मौसम भले बदले लेकिन खानपान पर हो ध्यान

बचपन के दिन मौज-मस्ती और शैतानी वाले होते हैं। इन्हीं दिनों में शरीर का विकास भी होता है, इसलिए बच्चों के खानपान पर समुचित ध्यान देना बहुत जरूरी हो जाता है। मौसम में जब बदलाव हो रहे हों तब इस संदर्भ में अभिभावकों की जिम्मेदारी और ब? जाती है।

खासकर बारिश में जब खाद्य पदार्थों से संक्रमण के कारण सबसे ज्यादा समस्याएं पैदा होती हैं। कारण है इस मौसम में चटपटा, तला-भुना फास्ट फूड खाने के लिए बच्चों का ज्यादा मन होना। अक्सर बच्चे स्कूल जाने से पहले नाश्ता नहीं करते और स्कूल जाकर कैंटीन में दावत उड़ाते हैं। यह वैसे भी कोई अच्छी बात नहीं है, ऊपर से बारिश की घिच-पिच ऐसे में तमाम किस्म के इंफेक्शन को सीधा बुलावा देती है।

### नाश्ता तो करना ही है

चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. आरसी गुप्ता बताते हैं कि मौसम कोई भी हो, बच्चों को सुबह का नाश्ता करने के लिए अवश्य उत्साहित करें। ज्यादातर बच्चे स्कूल जाने से पहले अच्छी तरह नाश्ता नहीं करते। यह सेहत के लिए बुरी बात है। बच्चे को दिन में तीन मुख्य आहार और दो से तीन बार स्नैक्स जरूर देने चाहिए। स्नैक्स का सबसे अच्छा विकल्प फल और ड्राई फरूट्स हो सकते हैं जबकि इन दिनों माएं बच्चों को खुश करने के लिए जंक फूड और फास्ट फूड देकर जिम्मेदारी पूरी कर लेती हैं।



## फोन से डाटा शेयरिंग के लिए इस एप का करें इस्तेमाल

फोन से मल्टीमीडिया फाइल को साझा करने के लिए 'शेयरइट एप' का प्रयोग किया जाता है मगर कभी-कभी एक ही जगह पर कई लोगों के शेयरइट एप ऑन होते हैं और वे आपके फोन पर भी दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति में डर लगता है कि कहीं फाइलें किसी और व्यक्ति के साथ साझा न हो जाएं। ऐसी समस्या से बचने के लिए आप Shoot एप का प्रयोग कर सकते हैं जिससे फाइलें भेजने के लिए कि रिस्पोंस कोड (क्यूआर कोड) का इस्तेमाल करना होता है और यह कोड हर एक फोन के लिए अलग-अलग होता है। शूट एप्लीकेशन का प्रयोग करने के लिए के लिए दोनों फोन में इस एप को होना जरूरी है। साथ ही फोन में इंटरनेट कनेक्शन ऑन होना भी जरूरी है ताकि क्यूआर कोड जेनरेट किया जा सके। इस एप को फोन में इंस्टॉल करने के बाद आपको केवल कुछ चरणों को अपनाना होता है उसके बाद आपका डाटा दूसरे यूजर के साथ साझा हो जाएगा।

**फाइल चयन के बाद आएगा क्यूआर कोड :** शूट एप को डाउनलोड करने के बाद एप में 'सेंड' और 'रिसीव' का विकल्प मिलेगा। शेयरइट की तरह अगर आप फाइल सेंड करना चाहते हैं तो इसके लिए सेंड पर क्लिक करें। उस पर क्लिक करने के बाद फोन की गैलरी ओपेन होगी। इसमें से आप जिस भी फाइल, फोटो या वीडियो को दूसरे यूजर के साथ साझा करना चाहते हैं उसका चयन करें। फाइल का चयन करने के बाद क्यूआर कोड का विकल्प डिस्प्ले पर आ जाएगा। जैसे ही क्यूआर कोड दूसरे फोन में स्कैन करेंगे वैसे ही चयन की गईं फाइलें दूसरे फोन में ट्रांसफर हो जाएंगी।

**ऐसे करें फाइल को रिसीव :** इसके बाद आप जिस फोन में फाइल और वीडियो प्राप्त करना चाहते हैं तो शूट एप में दिए गए 'रिसीव' बटन पर क्लिक करें। रिसीव बटन पर क्लिक करते ही क्यूआर कोड स्कैन करने का विकल्प आएगा और उसे स्कैन करने के बाद आपके डिवाइस में फाइल आनी शुरू हो जाएंगी।

# फलों के रस के साथ ना ले दवाई

दवाओं को अगर पानी के साथ न लेकर जूस के साथ लेने की आदत है, तो इसे सुधार लीजिए, क्योंकि इससे दवाओं का असर कम हो सकता है. अंगूर का रस शरीर में कुछ दवाओं को सोखने की क्षमता कम कर सकता है, वहीं संतरा और सेब के जूस शरीर में दवाओं की सोखने की क्षमता कम कर उनके असर को कम कर सकते हैं.

अंगूर का रस रक्तधारा में जाने वाली दवाओं की मात्रा कम कर देता है. डॉक्टरों ने कॉलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप और दिल की धड़कन की दवा लेने वाले मरीजों को अंगूरों का रस न पीने की चेतावनी दे रखी है.



शोध में पता चला है कि रस में मौजूद तत्व दवा के सोखने की क्षमता को प्रभावित करते हैं. कुछ रसायन दवा को ले जाने वाले तत्वों को बाधित कर देते हैं, जिससे दवा के सोखने की क्षमता कम हो जाती है, जबकि कुछ रसायन ड्रग्स मेटाबॉलिज्म एंजाइम जो आम तौर पर दवा को तोड़ने का काम करते हैं, उन्हें बाधित कर देते हैं. आम तौर पर पानी के साथ दवा लेना सुरक्षित होता है. एक घूंट के बजाय एक ग्लास बेहतर होता है, क्योंकि यह दवा को घुलने में मदद करता है. ठंडे पानी की बजाए गर्म पानी ज्यादा बेहतर रहता है.

## रेसिपी

### फलाहारी कच्चे केले की पकौड़ी



**सामग्री**

200 ग्राम सिंघाड़े का आटा, 4-5 कच्चे केले, 2 हरी मिर्च, सेंधा नमक (व्रत में खाने वाला), अदरक का टुकड़ा, घी अथवा मूंगफली का तेल (पर्याप्त मात्रा में तलने के लिए)।

**विधि**

सबसे पहले केले के दो टुकड़े करके छिलके सहित उबाल लीजिए। ध्यान रखें कि केले ज्यादा गलने न पाएं। ठंडे होने पर इनके छिलके उतार कर गोल-गोल टुकड़े काट कर रख लें। टुकड़े अब सिंघाड़े आटे का घोल तैयार करें। इसमें अपने स्वादानुसार हरी मिर्च, अदरक काट कर डालें तथा अंदाज से नमक मिला दें। घोल को गाढ़ा ही रहने दें। मोयन के लिए थोड़ा-सा घी अथवा तेल घोल में डाल दें। एक कड़ाही में घी/तेल गरम कर लें और केले के टुकड़े को घोल में लपेट कर घी में छोड़ते जाएं। दोनों तरफ से कुरकुरे होने तक सेंक लें। अब इन पकौड़ों को इमली की मीठी और हरी चटनी के साथ पेश करें।

### कच्चे केले की लजीज टिकिया



**सामग्री**

5 कच्चे केले, 250 ग्राम उबले आलू, 30 ग्राम कुट्टू का आटा, अदरक, 2-3 हरी मिर्च, लाल मिर्च पावडर एक चम्मच, 2 चम्मच भूना जीरा पावडर, आधा चम्मच अमचूर पावडर, 100 ग्राम पनीर, घी तलने के लिए, सेंधा नमक या नमक स्वादानुसार, हरा धनिया, पाव कटोरी किशमिश।

**विधि**

पहले कच्चे केले को उबालें, छीले और ठंडा होने के लिए रख दें। अब धनिया, हरी मिर्च व अदरक को बारीक काट लें। उबले केले और आलू का मिश्रण तैयार करके अदरक, हरी मिर्च और हरा धनिया मिला लें। इसमें कुट्टू का आटा, सेंधा नमक, मिर्च और जीरा पावडर मिलाएं और छोटी-छोटी गोलिया बनाकर रख लें। अब एक दूसरे बर्तन में पनीर को लेकर किशमिश, नमक, अदरक, मिर्च और धनिया मिलाएं। इस मिश्रण को केले के गोले में भरकर टिक्की की तरह हाथ से दबा लें। अब अपनी सुविधानुसार इसे नॉन स्टिक तवे पर या ड्रीप फ्राई कर गरमागरम टिकिया को हरी और मीठी चटनी के साथ पेश करें।

**नोटः** आप चाहे तो ऊपर से फलाहारी आलू की सेंव भी बुरका सकती हैं।

## सावन में घर लाएं ये चीजें

# हर काम में मिलेगी सफलता

हिंदू धर्म में सावन साल का सबसे पवित्र महीना माना जाता हैं। इन दिनों में भगवान शिव की आराधना का सबसे खास दिन होते हैं। इन दिनों में शिव जी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही उनकी कृपा आपके ऊपर हमेशा बनी रहती हैं।

इसी तरह घर पर शिव जी से संबंधित चीजें रहने से नकारात्म ऊर्जा दूर रहती हैं। साथ ही हर काम में आपको सफलता मिलती है और घर में कभी भी धन की कमी नहीं होती हैं। सावन के इस माह में घर लाएं ये चीजे। जिससे भगवान शिव भी आपके घर में अपनी कृपा बरसाते रहें। जानिए इन चीजों के बारे में। साथ ही जानिए इन चीजों को किस जगह रखने से अधिक लाभ मिलेगा।

**त्रिशूल :** घर में त्रिशूल रखना बहुत ही शुभ माना जाता हैं। इसको घर में रखने से नकारात्मक ऊर्जा घर पर प्रवेश नहीं कर पाएगी। इसलिए इसे घर के हॉल में तांबा या फिर चांदी का त्रिशूल बनवा कर स्थापित करें।



**भस्म :** भगवान शिव का इसं श्रृंगार माना जाता है। इसके बिना भगवान की पूजा पूर्ण नहीं होती है। इसलिए इसे भगवान शिव की मूर्ति के साथ जरुर रखें।

**तांबे के लोटे में पानी भरकर रखें :** अगर आप चाहते है कि आपके घर में सुख-शांति सभी प्यार से रहे, तो घर के उस स्थान पर लोटे में जल भरकर रखें। जहां पर घर के सभी सदस्य अधिक समय बीताते हो।

**रुद्राक्ष :** कहा जाता है कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव की आंसुओं से हुई है। जिसे घर में रखना बहुत ही शुभ माना हैं। इसे अपने घर के सबसे बड़े सदस्य या फिर मुखिया के कमरे में रखे।



**डमरु**

अगर आप चाहते है कि आपका बच्चा हर काम में सफलता प्राप्त करें। साथ ही उसके कमरे में किसी भी तरह की नकारात्मक ऊर्जा न आएं, तो इसके लिए बच्चों के कमरे में डमरु रखें।




# डायरेक्टर हंसल मेहता के साथ काम करेंगे विजय वर्मा

अभिनेता विजय वर्मा ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम हासिल किया है। यही कारण है कि फैंस को उनकी फिल्मों का इंतजार रहता है। अब अभिनेता ने अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। जिसमें वो दिग्गज फिल्ममेकर हंसल मेहता के साथ काम करेंगे। विजय वर्मा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। इस स्टोरी में उन्होंने एक गुलदस्ते (बुके) की फोटो शेयर की है। साथ में एक लेटर भी नजर आ रहा है, जो खुद हंसल मेहता द्वारा हाथों से लिखा गया है। इस फोटो को शेयर करते हुए विजय ने कैप्शन में 'नई शुरुआत' लिखा है।

## हंसल ने की विजय की तारीफ

विजय वर्मा ने हंसल मेहता का जो नोट स्टोरी पर शेयर किया है। उस नोट में हंसल ने विजय की तारीफ करते हुए उनका अपने प्रोजेक्ट में स्वागत में किया है। हंसल और विक्रम की ओर से लिखे इस नोट में लिखा है, आपका स्वागत है। कड़ी मेहनत, शानदार काम और कुछ बेहतरीन यादों से भरा शूट। ढेर सारा प्यार। विजय वर्मा और हंसल मेहता के एक साथ आने से दर्शकों को एक बेहतर फिल्म की उम्मीद है। क्योंकि हंसल मेहता की फिल्में भी सामाजिक या अलग मुद्दों पर आधारित होती हैं। जिनमें बेहतरीन कहानी देखने को मिलती है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में अभी और अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय वर्मा आखिरी बार अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित वेब सीरीज 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' में नजर आए थे। हाल ही में उन्होंने अपने आगामी प्रोजेक्ट 'मटका किंग' की शूटिंग पूरी की है। वहीं अगर हंसल मेहता के काम की बात करें तो हंसल मेहता की आखिरी निर्देशित फिल्म 'द बकिंघम मर्डर' थी। जिसमें करीना कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं।



# अजय देवगन संग धमाल करेंगी ईशा गुप्ता

बॉलीवुड की ग्लैमरस अभिनेत्री ईशा गुप्ता अब कॉमेडी फिल्म फ्रैंचाइजी धमाल 4 में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। निर्देशक इंद्र कुमार के निर्देशन में बन रही इस बहुचर्चित फिल्म में ईशा गुप्ता अभिनेता अजय देवगन के अपोज़िट एक अहम किरदार में नज़र आएंगी। यह जोड़ी इस साल की सबसे दिलचस्प कास्टिंग मानी जा रही है। ईशा गुप्ता अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास से भरपूर स्क्रीन प्रेज़ेंस और दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने धमाल 3 में भी अपने स्टाइल और तेवरों भरे किरदार से दर्शकों को खूब प्रभावित किया था, जिसे काफी पसंद किया गया था। अब धमाल 4 में उनकी वापसी एक फुल-सर्कल मोमेंट की तरह है, और इस बार उनका किरदार और भी बोल्ड तथा कहानी में केंद्रीय भूमिका निभाने वाला होगा।

निर्देशक इंद्र कुमार ने ईशा के साथ एक बार फिर काम करने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम बहुत खुश हैं कि ईशा गुप्ता दोबारा धमाल 4 में हमारे साथ हैं। वह धमाल 3 का भी हिस्सा रही थीं। वह एक बेहतरीन अभिनेत्री और शानदार इंसान हैं। उनके साथ काम करना हमेशा सुखद अनुभव होता है। यह बयान ईशा के पेशेवर कौशल और व्यक्तिगत गुणों दोनों की सराहना करता है। हालांकि फिल्म में ईशा के



किरदार की ज्यादा जानकारी अभी गोपनीय रखी गई है, लेकिन यह तय है कि वह सिर्फ ग्लैमर के लिए नहीं, बल्कि कहानी की दिशा और हास्य में भी बड़ी भूमिका निभाने वाली हैं। उनका किरदार कहानी में बड़े मोड़ और जबरदस्त कॉमिक मोमेंट्स लेकर आएगा।

हाल ही में ईशा ने हनी सिंह और जुबिन नौटियाल के साथ ब्राउन आइज़ वाली और इश्क मेरा जैसे म्यूज़िक वीडियोज़ में भी धमाल मचाया है, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है। अब वह अपनी खास अदाओं और स्क्रीन पर दमदार उपस्थिति के साथ धमाल 4 में एक नई ताजगी लेकर आएंगी। दर्शक उम्मीद कर सकते हैं कि फिल्म में उन्हें अजय देवगन और ईशा गुप्ता के बीच शानदार केमिस्ट्री, चुटीले डायलॉग्स और हंसी से भरपूर सिचुएशन्स देखने को मिलेंगी, जो धमाल फ्रैंचाइजी की पहचान रही है।



# फिल्म निर्देशक प्रकाश झा ने 'राजनीति 2' को लेकर साझा की अपडेट

साल 2010 में आई प्रकाश झा की पॉलिटिकल ड्रामा 'राजनीति' को रिलीज हुए आज 15 साल पूरे हो गए हैं। आज भी इस फिल्म का फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है। अब फिल्म के 15 साल पूरे होने पर निर्देशक प्रकाश झा ने राजनीति के सीक्वल को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है। साथ ही उन्होंने ये साफ कर दिया है कि फिल्म का सीक्वल बनेगा भी या नहीं।

## स्क्रिप्टिंग पर चल रहा काम

बातचीत प्रकाश झा ने 'राजनीति' के सीक्वल को लेकर बात की और इसके बारे में जानकारी साझा की। प्रकाश झा ने बताया कि राजनीति की यात्रा तो अनवरत है, चलती ही रहती है। 'राजनीति 2' के लिए हमेशा से ही योजना थी। हालांकि, कास्टिंग और शूटिंग के मामले में अभी तक कुछ भी ठोस नहीं है, लेकिन मैं फिलहाल इस पर काम कर रहा हूं। इसकी स्क्रिप्टिंग और राइटिंग पर काम चल रहा है।


## एक साल तक चला था 'राजनीति' प्री-प्रोडक्शन

इस दौरान 'राजनीति' बनाने के वक्त को याद करते हुए प्रकाश झा ने कहा, फिल्म का प्री-प्रोडक्शन एक साल तक चला। हमने एक भीड़ वाले सीन के लिए 8,000 कलाकारों को चुना, जो काफी मुश्किल काम था। कास्टिंग के बारे में अच्छी बात यह थी कि हमने जिससे भी संपर्क किया, उसे स्क्रिप्ट पसंद आई और वह इसमें शामिल हो गया। उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने की चुनौती महसूस हुई। लोग कहते हैं कि यह एक व्यावसायिक सफलता थी।

## 'राजनीति' में नजर आई थी भारी-भरकम स्टारकास्ट

2010 में रिलीज हुई राजनीतिक थ्रिलर में प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक परिवारों और पार्टियों के बीच एक कट्टर संघर्ष को दर्शाया गया है। फिल्म में रणबीर कपूर, अजय देवगन, कटरीना कैफ अर्जुन रामपाल, मनोज बाजपेयी, नाना पाटेकर और नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकार नजर आए हैं।

# राणा नायडू के दूसरे सीजन में विलेन के रूप में अर्जुन रामपाल की वापसी




नेटफ्लिक्स के शो राणा नायडू के दूसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अर्जुन रामपाल और राणा दग्गुबाती के बीच तकरार होते हुए नजर आ रही है। इसके अलावा एक्ट्रेस सुरवीन चावला भी अपनी इंटेंस एक्टिंग से एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए आ रही हैं। एक्टर राणा दग्गुबाती के इस शो का इंतजार फैंस पिछले काफी समय से कर रहे थे। शो में राणा दग्गुबाती और वेंकटेश दग्गुबाती एक दूसरे से लोहा लेते हुए दिखाई देंगे। दोनों अभिनेताओं को एक साथ देखने के लिए दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता है। इसके अलावा अर्जुन रामपाल इस सीरीज में विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। अर्जुन रामपाल जब-जब विलेन के तौर पर दिखाई दिए हैं, उन्हें काफी पसंद किया जाता है।

# आश्रम 3 के बाद दर्शन कुमार ने शुरू की सस्पेंस थ्रिलर की शूटिंग



वेब सीरीज आश्रम 3 की शानदार सफलता और द फैमिली मैन के अगले सीज़न की रिलीज़ का इंतजार कर रहे अभिनेता दर्शन कुमार अब अपने नए प्रोजेक्ट में पूरी तरह से व्यस्त हो गए हैं। उन्होंने अपने अगले अनटाइटल्ड सस्पेंस थ्रिलर की शूटिंग शुरू कर दी है, जो फिलहाल बिहार में चल रही है। हमेशा से ही अलग और दिलचस्प स्क्रिप्ट चुनने के लिए जाने जाने वाले दर्शन कुमार ने यह खास खबर सीधे अपने शूटिंग सेट से साझा की। उन्होंने कहा, बहुत उत्साहित हूँ यह खबर आप सबके साथ शेयर करने के लिए! एक सस्पेंस थ्रिलर के साथ कल से एक नया सफर शुरू हो रहा है, जो सचमुच एज-ऑफ-द-सीट होने वाला है। एनएच 10 और धोखा - राउंड डी कॉर्नर के बाद, मैं एक ऐसी कहानी का इंतजार कर रहा था, जो सच में दिल को छू जाए, और यह वही कहानी है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, दर्शन ने कहा, सबसे ज्यादा उत्साहित मैं इस बात को लेकर हूँ कि मेरा किरदार इस बार काफी चैलेंजिंग है, लेयर्ड है, इंटेंस है, और कुछ ऐसा है, जो मैंने पहले कभी नहीं किया। उन्होंने आगे कहा, यह किरदार मुझे एक एक्टर के रूप में पुश करेगा, और मैं इस किरदार को स्क्रीन पर लाने के लिए काफी उत्साहित हूँ। इस फिल्म का निर्देशन राव देवेंद्र कर रहे हैं, और इसके निर्माता सागर श्रीवास्तव हैं। इसके सिनेमैटोग्राफर मशहूर अत्तर सिंह सैनी हैं, जो इस प्रोजेक्ट को एक विजुअली धमाकेदार थ्रिलर बनाने वाले हैं। बिहार में एक लंबे शेड्यूल के लिए शूटिंग की योजना बनाई गई है, और दर्शन इस नए प्रोजेक्ट में पूरी तरह से उतर गए हैं।

दर्शन ने एक भावनात्मक नोट के साथ अपनी बात खत्म करते हुए कहा, यह प्रोजेक्ट मेरे लिए बहुत स्पेशल है, और मुझे पूरा यकीन है कि आप सब सरप्राइज़ होने वाले हैं। जल्दी मिलते हैं और अपडेट्स शेयर करता रहूँगा। आप सबका प्यार और आशीर्वाद बना रहे।



# पीके 2 आमिर खान फिर बनेंगे एलियन!

## गुलशन कुमार की बायोपिक, सुपरहीरो फिल्म की भी तैयारी

**बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान लाल सिंह चड्ढा के तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी सितारे जमीन पर इसी महीने 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पर कहानी सिर्फ इतनी नहीं है। लगता है कि आमिर एक के बाद एक धमाकेदार फिल्मों की बाढ़ लाने वाले हैं। बीते दिनों खबर आई कि इसके बाद वह राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में दादासाहेब फाल्के की बायोपिक की तैयारी में जुट जाएंगे।**

एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि आमिर खान पीके 2 में एलियन बनकर लौटने वाले हैं। यही नहीं, इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर भी हो सकते हैं। इसके अलावा आमिर गुलशन कुमार की बायोपिक और एक सुपरहीरो फिल्म करने पर भी जोर लगा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, राजकुमार हिरानी के साथ दादासाहब फाल्के की बायोपिक पर काम शुरू करने से पहले आमिर खान ने कम से कम 10 नई स्क्रिप्ट पर गौर फरमाया है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है, आमिर खान और राजकुमार हिरानी ने मिलकर भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहब फाल्के पर फिल्म बनाने का सपना देखा था और इसकी स्क्रिप्ट पर काफी समय से काम चल रहा था। जब राजू, दादा साहब फाल्के पर काम कर रहे थे, तब आमिर इसके अलावा भी कई स्क्रिप्ट पर गौर फरमा रहे थे।

### उज्जवल निकम की बायोपिक, किशोर कुमार, समेत 10 स्क्रिप्ट पर चर्चा

बताया जाता है कि आमिर ने अपने तीन साल के ब्रेक में जिन 10 स्क्रिप्ट पर चर्चा की है, उनमें राजकुमार संतोषी की दो फिल्में चार दिन की जिंदगी और अंदाज अपना अपना 2 शामिल हैं। इसके अलावा दिनेश विजान के साथ वह वकील उज्ज्वल निकम की बायोपिक, अनुराग बसु के साथ किशोर कुमार की बायोपिक और राकेश ओमप्रकाश मेहरा के साथ भी एक फिल्म पर भी चर्चा हुई है।

### गुलशन कुमार की बायोपिक करेंगे आमिर खान!

रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से आगे कहा गया है कि आमिर खान ने डायरेक्टर तुषार हीरानंदानी और भूषण कुमार से भी मुलाकात की है। इस दौरान तीनों के बीच गुलशन कुमार की बायोपिक पर चर्चा हुई। हालांकि, इन फिल्मों को लेकर अभी कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ और ये सब बातचीत और चर्चा के स्तर पर है। हालांकि, आमिर का पूरा फोकस पर्दे पर दादा साहब फाल्के की भूमिका निभाने को लेकर है।

### पीके 2 पर राजू हिरानी और अभिजीत से हुई बात

इन फिल्मों के अलावा, आमिर खान, राजकुमार हिरानी और अभिजीत जोशी के बीच ब्लॉकबस्टर हिट पीके के सीक्वल यानी पीके 2 को लेकर भी चर्चा हुई है। फिलहाल, बातचीत यह हो रही है कि सीक्वल में कहानी को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। सब ठीक रहा तो इस फ्रैंचाइजी में रणबीर कपूर की भी एंट्री हो सकती है।

### पीके 2 में रणबीर कपूर भी बनेंगे एलियन

रिपोर्ट में सूत्र के आधार पर कहा गया है, पीके 2 पर काम शुरू होना लगभग तय है। इसे लेकर राजकुमार हिरानी, अभिजात और आमिर तीनों ही बहुत एक?साइटेड हैं। वे दादा साहब फाल्के की बायोपिक के बाद इस पर फिर से विचार करेंगे। तैयारी एक ऐसे प्लॉट की है, जहां आमिर खान फिर से एलियन बनेंगे और रणबीर कपूर की इसमें प्रमुख भूमिका होगी। हालांकि, अभी तैयारी होनी है, स्क्रिप्ट लिखना है, इसलिए यह काफी लंबा सफर है। रणबीर कपूर भी इससे वाकिफ हैं और वह भी एक एलियन की भूमिका निभाने के लिए एक्साइटेड हैं।

### लोकेश कनगराज के साथ सुपरहीरो फिल्म करेंगे आमिर खान

इन 7 फिल्मों के अलावा, आमिर खान एक सुपरहीरो फिल्म भी कर रहे हैं। इस फिल्म को लोकेश कनगराज डायरेक्ट करेंगे। इसकी शूटिंग 2027 में शुरू होने की संभावना है।

# फिल्म सिटी प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी, शिलान्यास की तैयारी तेज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना के पहले चरण के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस ड्रीम प्रोजेक्ट का 27 जून से पूर्व शिलान्यास किए जाने की प्रबल संभावना है।

231 एकड़ क्षेत्र में बनने वाली इस फिल्म सिटी के पहले चरण के निर्माण नक्शे को मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने औपचारिक रूप से निर्माता बोनी कपूर को सौंप दिया। यह नक्शा बीते तीन दिनों की मैराथन बैठकों के बाद अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया है।

फिल्म सिटी का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 90 एकड़ भूमि पर निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें 54 एकड़ में स्टूडियो, फिल्म इंस्टीट्यूट और फिक्स सेट्स बनेंगे। 26 एकड़ भूमि को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस चरण पर कुल 900 करोड़ रुपये की लागत आएगी और 18 महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।




नक्शे को भी वन-ए, वन-बी और वन-सी में विभाजित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 27 जून 2024 को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुए अनुबंध के अनुसार एक वर्ष के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ होना अनिवार्य था। तय समयसीमा तक कार्य शुरू न होने की स्थिति में निर्माता कंपनी पर भारी जुर्माना लगाया जाना था।

हालिया दिनों में निर्माण की धीमी गति और भूखंडों की संभावित बिक्री को लेकर आशंकाएं गहराने लगी थीं। इसके अलावा कंपनी द्वारा पहले प्रस्तुत लेआउट प्लान में ग्रीन ज़ोन को खंडित कर दिखाया गया, जिसे प्राधिकरण ने अस्वीकार कर दिया था। अब नए और संशोधित लेआउट प्लान को तीन दिन की गहन समीक्षा के बाद स्वीकृति दी गई है। इन बैठकों में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह और फिल्म निर्माता बोनी कपूर स्वयं शामिल रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहित इस फिल्म सिटी प्रोजेक्ट से राज्य में फिल्म निर्माण, प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। यह परियोजना फिल्म जगत, स्टूडियो निर्माण और डिजिटल प्रोडक्शन हब के रूप में यूपी को एक नया पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पथवाया नाले तीन पर पुलियाओं का निर्माण



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जेवर क्षेत्र के ग्राम रन्हेरा में पहुंचकर पथवाया नाले पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले की स्थिति को बारीकी से परखा।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता ऊपरी माट शाखा गंग नहर खुर्जा मोर मुकुट, सहायक अभियंता अशोक कुमार जैन एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि पथवाया नाले पर बनी 03 पुलियाएं संकरी थी, जो बरसात के मौसम में जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। उनको तुड़वाकर दोबारा से नई पुलियाओं का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि नाले के ढाल को सुगठित करने का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नाले पर बनी पुलियाओं का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पथवाया नाले में पानी आने से पहले पुलियाओं का चौड़ीकरण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए।

## जेवर एयरपोर्ट तक इमरजेंसी रोड का निरीक्षण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएम मनीष कुमार ने जेवर पहुंच कर एयरपोर्ट के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा तैयार की जा रही 8 किलोमीटर लंबी 30मी0 चौड़ी इमरजेंसी रोड के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह द्वारा एयरपोर्ट हेतु तैयार की जा रही इमरजेंसी रोड के कार्य कि वर्तमान तक की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के लिए इमरजेंसी रोड निर्माण के लिए किये जा रहे कार्यों का बहुत ही गहनता के साथ निरीक्षण करते हुए कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शिमला में हुई लोकसभा आवास समिति की समीक्षा बैठक

**नोएडा / शिमला ( चेतना मंच )।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में लोकसभा की आवास समिति ने अपने तीन दिवसीय अध्ययन दौरे के तहत

## सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया तीन दिवसीय दौरे का नेतृत्व

सोमवार को कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की गहन समीक्षा बैठकें आयोजित कीं। इस दौरे का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा ने किया।

बैठकों में शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप महापौर श्रीमती उमा कौशिक, सांसद सुरेश कश्यप, हिमाचल प्रदेश सरकार के संयुक्त सचिव भुवन सहित संबंधित मंत्रालयों व विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ समिति ने स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शहरी विकास कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की।




समिति ने स्थायी, समावेशी और पर्यावरणीय संतुलन के साथ नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ने पर बल दिया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सीजीएचएस (केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना) से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक में स्वास्थ्य ढांचे के सुदृढ़ीकरण, सेवाओं की डिजिटल पहुँच और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। समिति ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक जनोन्मुखी एवं प्रभावी बनाने के लिए कई सुझाव भी दिए।

यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक एवं वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच, वित्तीय समावेशन और डिजिटल नवाचार आधारित समाधान विषयक चर्चाएं हुईं। समिति ने स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लचीले और प्रभावशाली बैंकिंग मॉडल पर ज़ोर दिया।

# एमएसएमई की मजबूती में बैंकिंग सेक्टर की अहम भूमिका

## यूको बैंक द्वारा नोएडा में आउटरीच कार्यशाला आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) सेक्टर को सशक्त बनाने और बैंकिंग सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से यूको बैंक द्वारा एक व्यापक एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला नोएडा सेक्टर-37 स्थित होटल बेल मोंट के सभागार में 9 जून 2025 को संपन्न हुई।




कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे यूको बैंक के महाप्रबंधक (जीएम) सुजॉय दत्ता ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर देश के सकल घरेलू उत्पाद में 30 फीसदी योगदान देता है, और 40 फीसदी निर्यात भी इसी क्षेत्र से होता है। इस क्षेत्र में 16 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है, लेकिन आज भी सिर्फ 3.5 करोड़ एमएसएमई इकाइयां ही बैंकिंग क्रेडिट से जुड़ी हैं, जबकि उनकी कुल संख्या 6.5 करोड़ है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने अपने संबोधन में कहा, एमएसएमई सेक्टर में बैंकिंग सहयोग के बिना औद्योगिक विकास की कल्पना भी अधूरी है। उन्होंने सेक्टर 9 और 10 क्षेत्र की सुविधा के लिए नई बैंक शाखा खोलने का सुझाव भी दिया।

यूको बैंक के कारोबार विकास जीएम अंबिकानंद झा ने बैंक की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रमेश राठौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सचिव अनिता मिश्रा, कानूनी सलाहकार अभिषेक कृष्णा, वित्तीय सलाहकार आर्यन पूरी, यूको बैंक सेक्टर-3 शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रिय रंजन, तथा नोएडा की अन्य शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# साफ सफाई नहीं होने पर ठेकेदार कंपनी पर 1 लाख का जुर्माना

## सहायक परियोजना अभियंता का रोका वेतन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने सोमवार को डीएससी मार्ग, उद्योग मार्ग, एमपी-1 मार्ग, एमपी 2, जोनल रोड नं-6, सेक्टर-11, 56, 62 इत्यादि का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

सेक्टर-11 में मुख्य नालों की सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नालों की सफाई का कार्य जगह-जगह छोड़कर किया जा रहा था। नालों की सफाई का कार्य संतोषजनक न पाये जाने के दृष्टिगत उमेश चन्द्र, सहायक परियोजना अभियन्ता का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिये गये। उद्योग मार्ग, के निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर जगह-जगह गन्दगी, कूड़े के ढेर, ईट, इत्यादि पड़े हुए पाये गये। लिट्टी चोखा रोड पर निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर कूड़े के ढेर पाये गये, केसी ड्रेन में मिट्टी भरी



पायी गयी, फुटपाथ पर घास उगी हुई पायी गयी, जिस पर गत कई दिनों से सफाई का कार्य नहीं कराया गया है। उक्त के अतिरिक्त सेक्टर-56 में निरीक्षण के दौरान भी साईकिल ट्रैक पर गंदगी पायी गयी। जिसके दृष्टिगत सम्बन्धित मैकेनिकल स्वीपिंग एजेन्सी मैसर्स लॉयन सर्विसिस लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा एक लाख का जुर्माना लगाया गया। जोनल रोड नं 6 एवं सेक्टर -62 के मुख्य मार्गो पर निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर ईट, पत्थर रोड़े, गन्दगी एवं घास जमी हुई पायी गयी तथा फोर्टिस हॉस्पिटल के सामने मामूरा टी-पाईंट पर अत्यधिक गन्दगी पायी गयी। जिसके दृष्टिगत सम्बन्धित एजेन्सी मैसर्स नॉर्थ इण्डिया डवलपर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा आगामी 03 दिन में सम्पूर्ण जोनल रोड नं 6 एवं अन्य मार्गो की सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# नोएडा का पहला ई-मालखाना सेक्टर-63 के नये भवन में स्थापित

## पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने नये भवन का किया लोकार्पण





**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने थाना सेक्टर-63 के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, आवासीय परिसर व कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के प्रथम ई-मालखाने का लोकार्पण किया। इसके निर्माण पर 14 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा थाना परिसर में पौधरोपण करते हुए स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ्य जीवन का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य पुलिसिंग को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। इस नवनिर्मित भवन के माध्यम से न केवल नागरिकों को बेहतर सेवा मिलेगी, बल्कि पुलिसकर्मियों को सुविधाजनक और समर्पित कार्य वातावरण भी प्राप्त होगा।

थाना सेक्टर-63 का नवनिर्मित भवन एक मॉडल पुलिस स्टेशन के रूप में कार्य करेगा। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें आधुनिक प्रशासनिक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) कक्ष, विवेचना कक्ष, हवालात, ई-मालखाना व रेस्ट रूम सुविधाएं शामिल हैं। यह सभी कक्ष आधुनिक व बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त होने के साथ इनमें ग्रीन एनर्जी का उपयोग, निरंतर विद्युत आपूर्ति, उच्च गति की इंटरनेट सुविधा तथा कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाने की दिशा में विशेष प्रयास किए गए हैं।

थाना सेक्टर-63 में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के प्रथम ई-मालखाने का लोकार्पण किया गया है। ई-मालखाना साक्ष्य प्रबंधन को डिजिटल बनाने के साथ-साथ पुलिस थानों में जमा की गई संपत्ति को सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीके से रखने के लिए उपयोगी है।

इसके अतिरिक्त नवनिर्मित भवन में पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय भवन का निर्माण भी किया गया है, जिसमें पुलिसकर्मियों को कई बेहतर सुविधाएं प्रदान की गई है। भवन में मेस का भी निर्माण किया गया है जिससे पुलिसकर्मियों को साफ व स्वच्छ भोजन प्राप्त होगा। नवनिर्मित भवन में महिलाओं के लिए महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। महिला हेल्प डेस्क पर 24X7 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटीयाँ रहेगी।

इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त कानून/व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार, पुलिस उपायुक्त नोएडा यमुना प्रसाद, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक लखन सिंह यादव व अन्य पुलिस अधकारीगण उपस्थिति रहे।

## 22 जून तक चलेगा 'आईटीआई चलो अभियान'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर में आगामी 22 जून तक आईटीआई चलो अभियान चलाया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दादरी में प्रवेश पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दादरी के प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह ने बताया कि जनपद के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से एवं जनपद के अन्य राजकीय औद्योगिक संस्थानों में दीर्घकालीन व्यवसायों में माह अगस्त 2025 में प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र के लिए अभ्यार्थी को आन लाईन आवेदन करने के लिये वेबसाईट http://www.scvtup.in को खोलना होगा तथा उस पर बने हुये लिंक online submission of application for admission for session 2025-2026 for government / private ITI पर क्लिक कर पहले अपना फार्म भरना होगा। अभ्यार्थी को आनलाईन आवेदन से पूर्व OTP से मोबाइल नम्बर का सत्यापन करना होगा। फार्म भरने के पश्चात उसे preview वाले पृष्ठ पर अकत Proceed to Payment के लिंक पर क्लिक कर आनलाईन भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि आनलाईन भुगतान डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / इन्टरनेट बैंकिंग / यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिस हेतु यूनियन बैंक आफ इण्डिया व स्टेट बैंक आफ इण्डिया अन्य बैंक के पेमेंट गेटवे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान होने पर अभ्यार्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगा। अभ्यार्थी द्वारा ऑन लाईन आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु 02 दिन (48 घण्टे) का समय दिया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी ई- फार्म में वेबसाइट www.scvtup.in पर उपलब्ध है। अभ्यार्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता के अनुसार विवरणी का कोई भाग प्रिंट कर सकते है या डाउनलोड कर सकता है।

ानलाईन आवेदन की सुविधा दिनांक 12.05-2025 से 22-06-2025 रात्री 12.00 तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने पंजीकरण शुल्क के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य व पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों को 250 रुपए पंजीकरण शुल्क तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अब भारतीयों को 150 रुपए पंजीकरण शुल्क के रूप में देने होंगे।